संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 67 मंगलवार 07 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# एचएमपीवी वायरस से ज्यादा खतरा नहीं

- » ये नया वायरस नहीं, हम बारीकी से नजर रख रहे...
- » एचएमपीवी वायरस पर बोले स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा
- » एचएमपीवी वायरस पर चिंता, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने दी राहत
- » यह वायरस 2001 में पहली बार पहचाना गया था
- » स्वास्थ्य विभाग स्थिति की बारीकी से कर रहा है निगरानी...



**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025(ए)।** इन दिनों ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एच एम पीवी वायरस को लेकर चिंता बढ़ गई है। चीन में फैल रहा इस वायरस के केस भारत में भी सामने आए हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पैनिक ना करने की अपील की है। जेपी नड्डा का कहना है कि ये वायरस नया नहीं है। सोमवार को उन्होंने कहा हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हेल्थ एक्सपर्ट्स ने एचएमपीवी वायरस के बारे में यह स्पष्ट किया है कि यह वायरस कोई नया वायरस नहीं है, इसकी पहचान सबसे पहले वर्ष 2001 में हुई थी और कई वर्षों से यह विश्व भर में फैल रहा है। एचएम पीवी वायरस एक ऐसा वायरस है जो हवा के जरिए सांस लेते समय एक दूसरे में फैलता है यह सभी आयु वर्ग के लोगों में संक्रमण का कारण भी बनता है।

### भारत पड़ोसी देशों की स्थिति पर रख रहा नजर

उन्होंने आगे बताया कि यह विशेष रूप से सर्दी और बसंत के मौसम के शुरुआती महीनों में अधिक देखा जाता है। चीन में जो एचएमपीवी वायरस के मामले पर हाल ही में आई रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के साथ और वर्ल्ड बैंक वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के साथ चीन सहित पड़ोसी देशों में स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी है।।

उन्होंने कहा की डबल्यूएचओ जल्द ही वो अपनी रिपोर्ट साझा करेंगे हमसे आईसीएमआर और आईडीएसपी के साथ उपलब्ध सोर्स संबंधित वायरस के देशव्यापी डेटा को भी समीक्षा कर पाएंगे।

### स्थिति पर बारीकी से नजर

नड्डा ने कहा कि हालात की समीक्षा के लिए 4 जनवरी को जॉइंट मॉनिटरिंग ग्रूप की बैठक 4 हुई। देश का हेल्थ सिस्टम और सर्विलेंस नेटवर्क्स किसी भी उभरते हुए हेल्थ चैलेंज के प्रति क्विक रिस्पांस देने के लिए सक्षम है और तैयार है। हम स्थिति की क्लोज मॉनिटरिंग कर रहे हैं हम स्थिति का बहुत नजदीकी से जायजा ले रहे हैं। हम यह कह सकते हैं कि हमें चिंता का कोई कारण नहीं होना चाहिए स्वास्थ्य विभाग इन सारी बातों पर नजर रखी है।

### क्या है एचएमपीवी क्या है?

एचएमपीवी एक वायरल रोगाणु है जो सभी उम्र के लोगों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। इसका पता पहली बार 2001 में चला। यह पैरामाइक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है और 'रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस' (आरएसवी) से निकटता से संबंधित है। एचएमपीवी खांसने या छींकने से निकलने वाली सांस की बूंदों के साथ-साथ दूषित सतहों को छूने या संक्रमित व्यक्तियों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। यह वायरस श्वसन संबंधी मामलूी परेशानी से लेकर गंभीर जटिलता से जुड़ी बीमारियों तक का कारण माना जाता है, विशेष रूप से शिशुओं,बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में।

### भारत में एचएमपीव्ही वायरस की दस्तक



बेंगलुरु में 2 और गुजरात में 1 केस की पुष्टि चीन में कहर बरपा रहे ह्यूमन मेटापन्यूमोवायरस की भारत में एंट्री हो गई है। सोमवार, 6 जनवरी को देश में इस वायरस के तीन मामले सामने आए। इनमें से दो मामले कर्नाटक के बेंगलुरु और एक गुजरात में मिले हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने बेंगलुरु में दो संक्रमितों की पुष्टि की है, जबकि गुजरात में एक बच्चे के संक्रमित होने की जानकारी राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने दी है।

# भारत ने खोली पाकिस्तान की पोल



**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025 (ए)।** अफगानिस्तान पर पाक की एयर स्ट्राइक की पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। दोनों ही देश एक-दूसरे पर हमले कर चुके हैं। हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की। जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत 46 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान की इस हरकत पर भारत के विदेश मंत्रालय ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने अफगान नागरिकों पर एयर स्ट्राइक की मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। इस एयर स्ट्राइक में महिलाओं और बच्चों समेत कई निर्दोष लोगों की जान गई है।

### 46 निर्दोष लोगों की मौत

पाकिस्तान ने 24 दिसंबर की रात अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बर्मल जिले में हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 46 लोग मारे गए। जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल थे। तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि हमलों में छह अन्य लोग घायल हुए,जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं। हमले से सात गांव प्रभावित हुए। जिनमें लामन गांव को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई. इस घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

### सीमा पर तनाव और झड़पें

हमलों के बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया। पाकिस्तान के एक अर्धसैनिक जवान की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब सैकड़ों अफगान नागरिकों ने पाकिस्तान के हवाई हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दोनों देशों के सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर भारी हथियारों के साथ झड़पें हुई. यह झड़पें पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के बीच सीमा पर हुई।

### भारत ने जताई संवेदना

भारत ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि निर्दोष नागरिकों पर हमला किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। यह पाकिस्तान की आंतरिक विफलताओं का प्रमाण है कि वह अपने पड़ोसी देशों पर दोष मढ़ता है। यह घटना न केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव को उजागर करती है। बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इस पर ध्यान देने की जरूरत है। महिलाओं और बच्चों की मौत से मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हुआ है।

## महत्वपूर्ण खबर

### पीएम मोदी,अमित शाह और खड़गे समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया



**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025(ए)।** सख धर्म के 10वें गुरु, महान योद्धा गुरु गोबिंद सिंह जी का सोमवार को प्रकाश पर्व मनाया गया। प्रकाश पर्व सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जिसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन किया।

### मुंबई क्राइम ब्रांच ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की

**मुंबई ,06 जनवरी 2025(ए)।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) कोर्ट में 4,590 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस मामले में 26 आरोपियों को नामजद किया गया है। इसके अलावा इसमें तीन आरोपियों जीशान अख्तर, शुभम लोनकर, अनमोल बिश्नोई को फरार बताया है। चार्जशीट में कई लोगों के बयान भी पुलिस ने दर्ज किए हैं।



### पालघर में भूकंप से मची अफरा-तफरी




#### दहशत में घर से बाहर भागे लोग

**पालघर,06 जनवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सोमवार को सुबह 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि सुबह भूकंप के झटके महसूस होने से जिले में अफरा-तफरी मच गई। अभी तक किसी के हताहत होने की या फिर संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री आतिशी के निकले आंसू

### कहा...रमेश बिधूड़ी मेरे बुजुर्ग पिता को दे रहे हैं गालियां

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025(ए)।** दिल्ली में राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। इसी बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रोते हुए रमेश बिधूड़ी पर आरोप लगाया कि वह उनके बुजुर्ग पिता को लगातार गालियां दे रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। उन्हें दिल्ली की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते-बोलते भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी उनके पिताजी को गालियां देकर दिल्ली की जनता का अपमान कर रहे हैं। बिधूड़ी जी अपने काम के आधार पर वोट मांगें, वह मेरे बुजुर्ग पिताजी को गालियां देकर क्यों वोट मांग रहे हैं?



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मीडिया से बातचीत के दौरान अचानक कैमरे के सामने रोने लगीं। आतिशी की भावुक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आतिशी से सवाल पूछा गया कि कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। यह सवाल सुनने के बाद आतिशी की आंखों में आंसू आ गए।

आतिशी ने रोते हुए चुप्पी साध ली। कुछ देर बाद आतिशी ने खुद को संभाला और फिर रमेश बिधूड़ी पर पलटवार किया। आतिशी ने कहा कि मेरे पिता काफी बुजुर्ग हो गए हैं। वह चल फिर नहीं पाते। मैं रमेश बिधूड़ी जी को कहना चाहूंगी कि मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहे। उन्होंने दिल्ली के गरीब और लोअर मिडल क्लास से आने वाले हजारों बच्चों को पढ़ाया है। आज वो 80 साल के हो गए हैं। इसके बाद आतिशी रोने लगीं और उन्होंने अपने आप को संभाला। फिर कहा कि वह इतने बीमार रहते हैं कि बिना सहारे के चल नहीं पाते हैं।

उन्होंने कहा कि आप चुनाव के लिए इतनी घटिया हरकत करेंगे कि बुजुर्गों को गालियां देने पर उतर आएंगे। इस देश की राजनीति इतनी घटिया स्तर पर गिर सकती है। मैं यह सोच नहीं सकती। उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी जी खुद दक्षिण दिल्ली से 10 साल सांसद रहे। वह बताएं कि कालकाजी के लोगों को, उन्होंने इस इलाके के लिए क्या किया। वह जनता से कहें कि उनके 10 साल का काम मेरे 5 साल के काम से ज्यादा अच्छा था।




# चुनाव आयोग ने जारी की अंतिम मतदाता सूची

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025(ए)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है।भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी करते हुए बताया कि कुल 1 करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 मतदाता पंजीकृत हैं।इसमें से 84 लाख 49 हजार 645 पुरुष मतदाता हैं, जबकि 71 लाख 73 हजार 952 महिला मतदाता हैं।दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होने की उम्मीद है, हालांकि चुनाव आयोग ने अभी तक आधिकारिक तारीखों की घोषणा नहीं की है।

# निजी गाड़ियों से नहीं लिया जाएगा टोल टैक्स



**प्रयागराज,06 जनवरी 2025 (ए)।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलने जा रही है। 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ मेला के दौरान, रीवा राजमार्ग, मीरजापुर मार्ग, वाराणसी मार्ग, कानपुर मार्ग, लखनऊ राजमार्ग और अयोध्या राजमार्ग पर स्थित प्रमुख टोल नाकों पर श्रद्धालुओं के निजी वाहनों से टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। यह छूट पूरे महाकुंभ की अवधि तक लागू रहेगी, जो इस बार विशेष रूप से श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा होगी।

### कौन-कौन सी गाड़ियां रहेंगे टोल से बाहर

निजी वाहन जैसे जीप और कार, चाहे उनका पंजीकरण कमर्शियल क्यों न हो, इनसे टोल नहीं लिया जाएगा। वहीं महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के निजी वाहनों को भी टोल टैक्स से मुक्त रखा जाएगा, जैसा कि पिछले महाकुंभ 2019 में भी हुआ था।

### टोल छूट का उद्देश्य

महाकुंभ मेला के दौरान श्रद्धालुओं को आने-जाने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए यह कदम उठाया गया है। इस छूट से श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान एक बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब महाकुंभ के रास्ते में स्थित टोल नाकों पर शुल्क नहीं देना पड़ेगा। यह सुविधा 45 दिनों तक जारी रहेगी,।

# सेप्टिक टैंक में मिली 4 दोस्तों की लाश,6 हत्यारे गिरफ्तार

**सिंगरौली,06 जनवरी 2025(ए)।** सिंगरौली जिले के बरगवां में चार लोगों की हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया। तीन युवकों की हत्या गोली मारकर की गई थी। वहीं एक का गला घोंट दिया था। इसके बाद शव सेप्टिक टैंक में फेंक दिए थे। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। डीआईजी साकेत पांडे ने सोमवार दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी राजा रावत है। उसका जोगेंदर महतो और सुरेश प्रजापति से घर बनाने और सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद चल रहा था। डीआईजी ने बताया कि राजा रावत ने दो लोगों को गोली मारी। आरोपी रोहित साकेत ने एक व्यक्ति की गोली मारी है। बाकी चार लोगों ने जोगिंदर महतो का गला दबाया है। इसके सभी शवों को सेप्टिक टैंक में डाला है। आरोपियों के पास से दो पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और देसी पिस्टल की खाली मैगजीन बरामद की गई है।



# तपोवन एक्सप्रेस से गिरा यात्री तो लोको पायलट ने रिवर्स गियर में डाल दी गाड़ी



### आधा किलोमीटर दौड़ाई ट्रेन..

**मुंबई,06 जनवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र में भारतीय रेलवे ने मानवता की एक मिसाल पेश की है। एक यात्री कोच से गिरने के बाद लोको पायलट ने रिवर्स गियर डालकर ट्रेन को आधा किलोमीटर तक दौड़ा दिया। हालांकि, दुर्भाग्यवश, जिस घायल यात्री के लिए यह प्रयास किया गया, वह इलाज के दौरान अस्पताल में चल बसा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायल यात्री का नाम सरवर शेख था, जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और उनकी उम्र 30 साल थी। यह घटना तब घटी जब तपोवन एक्सप्रेस ट्रेन मनमाड जंक्शन पर पहुंची और शेख कोच से गिर गए। डिवीजनल रेलवे मैनेजर इति पांडे ने बताया, लोको पायलट ने कंट्रोलर से अनुमति लेकर घायल यात्री को लेने के लिए ट्रेन को रिवर्स में चलाया।

अधिकारी ने कहा, ट्रेन के गार्ड एसएस कदम को यात्रियों से जानकारी मिली कि तीसरे कोच से एक युवक गिरा है। इसके बाद कदम ने लोको पायलट एमएस आलम से संपर्क किया, और आलम ने कंट्रोलर से अनुमति लेकर ट्रेन को वापस जाने के लिए निर्देश लिया।

इस दौरान तपोवन एक्सप्रेस के पीछे आ रही मालगाड़ी को एक स्टेशन पर रोक दिया गया ताकि ट्रेन को पुनः चलने के लिए जगह मिल सके। घायल शेख को ट्रेन के यात्रियों की मदद से तलाश कर मनमाड स्टेशन पहुंचने के बाद रेलवे अधिकारियों ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे अस्पताल भेजा। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

## प्रशांत किशोर को कोर्ट से मिली जमानत

### जेल से बाहर आए...

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025(ए)।** बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को रद्द किए जाने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को अब कोर्ट ने बिना किसी शर्त के जमानत दे दी है जिसके बाद वो जेल सभी बाहर आ गए हैं।



बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को रद्द किए जाने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को अब कोर्ट ने बिना किसी शर्त के जमानत दे दी है जिसके बाद वो जेल सभी बाहर आ गए हैं। बेऊर जेल जाने के तुरंत बदला कोर्ट का आदेश। जमानत की सारी शर्तें, जो पूर्व में लगाई गई थी, हटाई गई। प्रशांत किशोर को जेल से बाहर लाया गया।

# भारत माता की जय का विरोध करना पड़ा महंगा



**बांका,06 जनवरी 2025(ए)।** बिहार के बांका जिला के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर कई तरह के गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत पाए जाने पर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसमें भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करना भी शामिल है। इसको लेकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा पत्र भी जारी कर दिया है।

दरअसल, संजय गांधी बालिका उच्च विद्यालय विश्वासपुर, अमरपुर के विशिष्ट शिक्षक मोहम्मद हसन रजा पर विद्यालय कार्यकाल में अध्ययनरत बच्चों के पढ़ाई करने के लिए दिए गए उपस्कर पर गहरी नींद में सोने,कुर्सी पर बैठे हुए सोने तथा बिहार राज्य प्रार्थना गीत करवाने में बाधा पहुंचाने, पोषक क्षेत्र के बाहरी बच्चों को विद्यालय में कबड्डी खिलाने तथा राष्ट्रगान के उपरांत भारत माता की जय बोलने पर टीका-टिप्पणी करने संबंधित गंभीर प्रकृति के आरोपों की शिकायत प्राप्त हुई।

इसके बाद विभिन्न तिथियों में कई बार विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण भी विभाग द्वारा किया गया तथा निरीक्षण के क्रम में शिक्षक मोहम्मद राजा के द्वारा जानबूझकर अवज्ञा एवं अनुशासनहीनता सहित विद्यालय कार्यकाल में अपने पदीय दायित्व का निर्वहन नहीं कर शैक्षणिक कार्य में असहयोगात्मक रवैया रखने का तथ्य परिलक्षित हुआ। बाद में राजा को कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया। उनके विरुद्ध विशिष्ट शिक्षक नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई भी शुरू करने का आदेश जारी कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में इनका मुख्यालय प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, चांदन का कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## संपादकीय

## भारत के सामने नई कूटनीति चुनौती

बांग्लादेश के अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है।अभी तक बांग्लादेश से भारत के लिए आई चुनौतियां वहां साढ़े चार महीने पहले बने माहौल से संबंधित थीं। मगर अब इसने ठोस कूटनीतिक रूप ले लिया है। भारत सरकार के सामने यह नई कूटनीति चुनौती है। इसका रूप बहुआयामी है। बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद पर मानवता के खिलाफ अपराधों के मुकदमे के सिलसिले में वारंट जारी किया। उसका अनुपालन करते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को कूटनीतिक पत्र भेज कर शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है। चूंकि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है, इसलिए भारत सरकार के लिए इस अनुरोध पत्र को ठुकराना आसान फैसला नहीं होगा। हालांकि उस संधि में राजनीतिक प्रकार के मामलों में अनुरोध ठुकराने का प्रावधान है और बेशक शेख हसीना का मामला सियासी है, परंतु वैसे कदम का बांग्लादेश से संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पहले ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों को अधिक महत्त्व दे रही है। पिछले हफ्ते काहिरा में डी-8 ग्रूप की बैठक के दौरान बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिले। इसमें खास बात यह रही कि शरीफ ने बांग्लादेश से रणनीतिक संबंध बनाने का इरादा जाहिर किया, वहीं युनूस ने बांग्लादेश की पुरानी मांग छोड़ दी कि ऐसा होने के पहले बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय किए अत्याचार और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए पाकिस्तान माफी मांगे।परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देश पहले ही राजी हो चुके हैं। बांग्लादेश का इस तरह पाकिस्तान से जुडऩा कतई भारत के हित में नहीं है। इससे 1971 के पहले जैसी स्थितियां बन जाएंगी। इसलिए बांग्लादेश के नए अनुरोध से भारत को संवेदनशीलता और उच्च कूटनीतिक कौशल से निपटना होगा। भारत सरकार अगर शेख हसीना को अपनी जुबान बंद करने पर राजी करे, तो यह काम आसान हो सकता है। उनके बयानों से बांग्लादेश में माहौल ज्यादा भड़का है। कोशिश वहां की जन भावनाओं का ख्याल करने की होनी चाहिए। वरना, पूरबी सरहद की तरफ भी पाकिस्तान से जुड़ी चुनौती ठोस रूप ले सकती है।

# संत सिपाही...गुरु गोविंद सिंह जी



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक-124001( हरियाणा)

सिख धर्म दुनिया के अलग-अलग धर्मों से सबसे अलग ही नहीं बल्कि मानवता का कल्याण करने वाला भी है। सिख धर्म के संस्थापक, श्री गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह तक 10 गुरुओं ने धर्म और देश के लिए जो अलग-अलग कुर्बानियां दी और मुगल बादशाहों के जुल्म सहे उसके बावजूद भी उन्होंने धर्म तथा देश हित के लिए अपना रास्ता नहीं बदला। गुरु अर्जन देव जी को जलते हुए तवे पर बिठाकर शहीद कर दिया गया गुरु तेग बहादुर ने धर्म और देश की खातिर अपना शीश कुर्बान कर दिया और गुरु गोविंद सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा परिवार कुर्बान कर दिया। ऐसे सिख धर्म और उनके गुरु साहबानों को शत शत नमन। हम सबको सिख धर्म के गुरु साहिबानों के द्वारा दिखाए गए देश भक्ति, इंसानियत, धर्म पर चलना तथा जात पात में विश्वास न रखना, कठिन परिश्रम करना तथा बांटकर खाना आदि बातों पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना में पिता गुरु तेग बहादुर तथा माता गुजरी के घर पटना में हुआ। उनका बचपन का नाम गोविंद राय था। अभी वह मुश्किल से 9 साल के ही होंगे जबकि कुछ कश्मीरी पंडित उनके पास आए और मुगल बादशाह की शिकायत करते हुए कहने लगे कि मुस्लिम लोग हमें इस्लाम धर्म अपनाने के लिए जोर जबरदस्ती करते हैं, हमें हिंदू धर्म पर चलने के लिए रोकते हैं, ऐसा न करने पर मौत के घाट उतार देते हैं। यह सुनकर गुरु तेग बहादुर ने कहा कि इसके लिए किसी बड़े आदमी को कुर्बानी देनी पड़ेगी। यह सुनकर पास बैठे हुए बच्चे गोविंद राय ने कहा...आप से बड़ा आदमी कौन हो सकता है? यह सुनकर गुरु तेग बहादुर ने उन कश्मीरी पंडितों को कहा...कि मुगल बादशाह को यह कहो कि अगर वह गुरु तेग बहादुर को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए राजी कर ले तो बाकी लोग भी इस धर्म को अपना लेंगे। इसके बाद गुरु तेग बहादुर जी दिल्ली के तरफ चल पड़े और चांदनी चौक में बहुत भारी संख्या में हिंदू और और मुसलमान लोग यह जानने के लिए एकत्रित हो गए कि गुरु तेग बहादुर इस्लाम धर्म अपनाते हैं या नहीं। जब गुरु तेग बहादुर ने इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मना कर दिया तब उनका शीश धड़ से अलग कर दिया गया। दिल्ली में चांदनी चौक में प्रसिद्ध शीशगंज गुरुद्वारा उसी जगह पर बना हुआ है जहां पर गुरु तेग बहादुर जी ने अपने शीश की कुर्बानी दी थी। यह गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत के प्रति मान तथा सम्मान प्रकट करने के लिए ही बनाया गया है। इसके बाद 9 साल



की उम्र में ही गोविंद राय जी को गुरु तेग बहादुर का वारिस बनाकर गद्दी पर बैठा दिया क्या और वह सिख धर्म के सबसे कम उम्र के गुरु बने। जैसे-जैसे गुरु गोविंद राय बड़े होते गए उन्होंने संस्कृत, फारसी, हिंदी आदि कई भाषाएं सीखीं। तलवार चलाना तथा घुड सवारी करना सीखा। वह न केवल भारतीय संस्कृति को जानने और समझने वाले थे बल्कि बहादुर व्यक्ति भी थे। जब वह बड़े हुए तो उनका साहिब कौर के साथ विवाह हुआ और उनके चार सुपुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबज़ादा फतेह सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह थे

1699 में बैसाखी वाले दिन उन्होंने सिख पंथ की नींव रखी। जाति प्रथा का समापन करने के लिए उन्होंने अलग-अलग जातियों से पांच व्यक्तियों को लेकर...पांच प्यारे... की प्रथा चलाई। उन्होंने सिखों को खालसा कहा जिसका मतलब है शुद्ध या पवित्र। उन्होंने हर सिख व्यक्ति को अमृत पान करने के बाद कच्छा, कड़ा, केश, कृपाण तथा कंघा धारण करने के लिए कहा। इन्हें ...पांच ककार भी कहा जाता है।

गुरु गोविंद सिंह ने सिखों को अपने नाम के बाद सिंह लगाने के लिए कहां और कहा के भविष्य में मैं प्रत्येक सिख में वास करूंगा। जब गुरु गोविंद सिंह घुड़सवारी करते थे तो उनके एक हाथ में बाज होता था इसलिए उनको...बाजांवाला...भी कहते हैं। उनको संत सिपाही तथा दशमेश पिता भी कहा जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में तलवार रखते थे जिसका मतलब है कि प्रभु का सिमरन करो और अगर आपका धर्म खतरे में हो तो आप हथियार का इस्तेमाल भी कर सकते हो।

एक बार मुगलों की भारी फौज ने गुरु गोविंद सिंह, उनके शहजादों और सिंहों को चमकौर साहिब में घेर लिया। दोनों पक्षों में भयंकर युद्ध हुआ। एक एक सिख ने कई कई मुगल सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया। गुरु गोविंद सिंह ने बाज रूपी सिखों को चिड़ियों जैसे मुगल सिपाहियों से युद्ध करवाया और मुगल सैनिकों को भारी नुकसान हुआ लेकिन अफसोस की बात यह है के इस युद्ध में गुरु गोविंद सिंह के दो बडे साहिबजादे शहीद हो गए। उसके बाद गुरु गोविंद सिंह, उनकी माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह सरसा नदी पर एक दूसरे से अलग हो गए। माता गुजरी अपने दो छोटे लालों के साथ पंजाब की तरफ चल पड़ी। इस दरमियान उनकी मुलाकात पुराने वफादार रसोईऐ, गंगू से हो गई जिसने उन्हें अपने घर में शरण देने तथा रक्षा करने का आश्वासन दिया। परंतु गद्दार गंगू ने सरहंद के नवाब,वजीर खान को यह सूचना दी कि उसे अपने जिन दुश्मनों की तलाश थी उनकी माता तथा दो छोटे बेटे उनके घर में हैं। इस बात से खुश होकर खान ने गंगू को बहुत सारी अशरफियां दी और उसने गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहबजादों को वजीर खान के हवाले कर दिया। वजीर खान ने उनको इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए कहा लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों छोटे साहिबजादे लगातार जपजी साहब का पाठ करते रहे और बीच-बीच में...बोले सो निहाल, सत श्री अकाल...कहते रहे। आखिर में वजीर खान ने इन दोनों साहबजादों को सरहंद में एक दीवार में जिंदा चिनवा दिया। और उनकी दादी, माता गुजरी को भी ऊपर किले से फेंकवा कर शहीद कर दिया। इन दोनों छोटे साहिबजादों की याद में सरहिंद में एक गुरुद्वारा बना हुआ है। युद्ध लड़ने के हिसाब से गुरु गोबिंद सिंह ने केशगढ़, फतेहगढ़, आनंदगढ़ तथा लोहगढ़ के किले बनवाए। कहना ना होगा कि पहाड़ी राजा लोग गुरु गोविंद सिंह की बढ़ती हुई ताकत से घबराते थे इसलिए उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ साथ गांठ करके गुरु गोविंद सिंह को नुकसान पहुंचाने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने दिया। दमदमा साहब में अपनी याद शक्ति और बुद्धिमत्ता के फल स्वरुप गुरु ग्रंथ साहब का उच्चारण किया और भाई मनी सिंह ने गुरबाणी को लिखा। गुरु गोविंद सिंह ने सिख धर्म में गुरु प्रथा को समाप्त कर दिया और आगे को सब सिखों को यह आदेश दिया के भविष्य में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी गुरु जी कहलाएंगे। गुरु मान्यो ग्रंथ। धर्म की रक्षा के लिए उन्होंने औरंगजेब के साथ 42 साल तक मुकाबला किया। गुरुजी दक्षिण में नांदेड़ में चले गए जहां पर सरहंद के नवाब ने दो पठान सैनिकों को भेज कर गुरु जी को धोखे से शहीद करवा दिया। उनकी शहादत 41 साल की कम उम्र में 7 अक्टूबर , 1708 में नांदेड़ में तखत सचखंड श्री हजूर साहब में हुई। इस तरह देश तथा धर्म की रक्षा करने वाले सिख धर्म के दसवें गुरु ज्योति जोत समा गये। गुरु गोविंद सिंह के सिख धर्म, मानवता के प्रति कर्तव्य, वीरता तथा विद्वता को हमेशा सम्मान से याद किया जाएगा। गुरु गोविंद सिंह को कलगीधर, बाजांवाला, संत सिपाही, दशमेश पिता, सरबंसदानी भी कहा जाता है। वैसे तो सिख धर्म में 10 गुरुओं का अपना अपना महत्व तथा योगदान है परंतु गुरु गोविंद सिंह जी का महत्व तथा योगदान अपना एक विशेष स्थान रखता है जिसके लिए उन्हें युगो युगांत्रों तक श्रद्धा से याद किया जाएगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# कांग्रेस को कार्यशैली बदलने की जरुरत

नए साल 2025 को कांग्रेस ने संगठन में बदलाव और मजबूती वाला साल कहा है। कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की विशेष बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि नए साल में कांग्रेस संगठन में बदलाव करेगी और उसे मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। इसका एक प्रत्यक्ष अर्थ तो यह दिखाई देता है कि कांग्रेस अध्यक्ष को कहीं न कहीं इस बात का अंदाजा है कि कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं है और लगातार हो रही चुनावी हार के पीछे यह एक कारण है। अगर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करती है तो यह लोकतंत्र के लिए भी अच्छा होगा।परंतु सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने किस तरह के बदलाव की बात की और संगठन को मजबूत करने के लिए किस तरह की पहल की योजना उनके पास है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि संगठन में बदलाव का शाब्दिक अर्थ तो यह है कि नए चेहरे लाना और नए लोगों को जिम्मेदारी देना। लेकिन कांग्रेस संगठन की समस्या यह नहीं है। सिर्फ चेहरे बदल देने से कांग्रेस के संगठन में मजबूती नहीं आने वाली है। मजबूती के लिए चेहरों के साथ साथ पूरी कार्यशैली को बदलने की जरुरत होगी। क्या कांग्रेस उसके लिए तैयार है?अगर शाब्दिक अर्थों में कांग्रेस के संगठन में बदलाव की बात करें तो वह भी बहुत जरूरी है क्योंकि मोटे तौर पर कांग्रेस का संगठन, खासकर प्रदेशों में बहुत कमजोर है या है ही नहीं। यह सचमुच हैरान करने वाली बात है कि कई राज्यों में कांग्रेस का संगठन ही नहीं है। जैसे ओडिशा में छह महीने से कांग्रेस कमेटी नहीं है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बेहद खराब प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जुलाई में ओडिशा की प्रदेश कमेटी भंग कर दी थी। इसके तीन महीने बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणदास महंत की अध्यक्षता में ओडिशा में कांग्रेस नेतृत्व व संगठन की मजबूती के बारे में सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनी थी। अभी तक उसकी रिपोर्ट नहीं आई है।सो, छह महीने से ओडिशा में संगठन नहीं है। इसी तरह नवंबर के पहले हफ्ते में यानी दो महीने पहले हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक की सारी कमेटियां भंग कर दी गईं। इसके एक महीने बाद यानी दिसंबर में उत्तर प्रदेश में प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक की कमेटियां भंग कर दी गईं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र व हरियाणा में भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी भंग करने की बात चली है। इतना ही नहीं बिहार में करीब दो साल से प्रदेश कमेटी का गठन ही नहीं हुआ है। सितंबर में शुभंकर सरकार पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष बने लेकिन उनकी भी कमेटी नहीं बन पाई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अध्यक्ष बने केशव महतो कमलेश भी अपनी कमेटी नहीं बना पाए हैं। सो, बदलाव का एक मतलब तो यह है कि जिन राज्यों में संगठन भंग कर दिया गया है वहां नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो और प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड स्तर तक कांग्रेस कमेटियों का गठन हो। दूसरा मतलब यह है कि जिन राज्यों में अध्यक्ष बन गए हैं लेकिन महीनों से उनकी कमेटियों का गठन नहीं हो पाया है वहां नई कमेटियों का गठन किया जाए और तीसरा अर्थ यह है कि जिन राज्यों में कांग्रेस हाल में हारी है वहां अगर बदलाव करना है तो वह जल्दी हो ताकि पार्टी का संगठन काम शुरू कर सके। कुछ राज्यों में कांग्रेस को संगठन के साथ साथ और भी फैसले करने हैं। जैसे कांग्रेस ने हरियाणा और महाराष्ट्र में विधायक दल के नेता का नाम तय नहीं किया है। सोचें, पार्टी चुनाव हार गई या अनुकूल फैसला नहीं आया तो विधायक दल का नेता ही तय नहीं करेंगे?अगर बदलाव के शाब्दिक अर्थ से अलग हट कर देखेंगे तो कांग्रेस को संगठन की मजबूती के लिए बहुत कुछ करना है। सिर्फ नए अध्यक्ष बना देने या नई कमेटियों का गठन कर देने से कांग्रेस का काम नहीं चलने वाला है। उसे संगठन की कार्यशैली में आमूलचूल बदलाव की जरुरत है। मल्लिकार्जुन खडग़े ने बेलगावी अधिवेशन में इसी तरफ इशारा किया। लेकिन क्या वे इस तरह का बदलाव करने में सक्षम हैं? क्या कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कांग्रेस के पुराने और मजबूत नेताओं को नाराज करने का जोखिम लेकर संगठन को नया स्वरूप दे सकते हैं? असल में कांग्रेस सत्तारूढ़ दल की कार्य संस्कृति के दुष्चक्र में फंस गई है, जिसे प्रतीकित करने वाले सूत्र वाक्य कांग्रेस की एक महिला नेत्री ने कहा था, जो अब पार्टी छोड़ कर चली गई हैं।उन्होंने कहा था कि, कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है'। यही कारण है कि कांग्रेस कभी विपक्ष की पार्टी के तौर पर प्रभावी तरीके से काम नहीं कर पाती है। केंद्र से लेकर प्रदेश और जिला स्तर तक के नेता यह मानते हैं कि सत्ता उनका अधिकार है और अभी जो लोग सत्ता में हैं उनको राज करना नहीं आता है। वे अपनी गलतियों के चलते सत्ता से विदा हो जाएंगे और तब कांग्रेस को सत्ता मिल जाएगी। इस मानसिकता की वजह से कांग्रेस अपने संगठन को सड़क पर उतर कर सत्तापक्ष से लडऩे वाली मजबूती नहीं दे पाती है।संगठन के मामले में कांग्रेस की दूसरी कमजोरी यह है कि उसके शीर्ष नेताओं का पार्टी के कार्यकर्ताओं और प्रदेश, जिला व प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों से संवाद खत्म हो गया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश की रिपोर्ट सिर्फ प्रभारी महासचिव से लेता है और ज्यादा से ज्यादा प्रदेश अध्यक्ष से बात करता है। कहने का आशय यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अपने आइवरी टावर में बंद है, जहां तक पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों की आवाज नहीं पहुंच पाती है।राहुल गांधी का सब्जी मंडी जाना, मोटर गैरेज में जाना या ट्रक ड्राइवरों से मिलना, राजनीति नहीं है, बल्कि राजनीतिक सक्रियता का दिखावा है, प्रदर्शन है। असल में यह भारतीय राजनीति की बहुत बड़ी समस्या है कि राजनीति अब एक प्रदर्शन कला में बदल गई है। यह परफॉर्मिंग आर्ट में तब्दील हो गई है। सच्ची राजनीति परदे के पीछे होती है, जिसमें मूल तत्व विचार विमर्श, संवाद, मोलभाव, समझौते और समस्याओं को सुलझाने की सामूहिक कोशिशें शामिल होती हैं, उसकी जगह सार्वजनिक स्पेस में नेताओं की परफॉरमेंस ने ले ली है। कांग्रेस इस समस्या से ज्यादा ग्रस्त है। इसका नतीजा यह हुआ है कि राहुल गांधी कहीं किसानों, मजदूरों, ऑटो वालों आदि से मिल कर ग्रैंड परफॉरमेंस कर देते हैं और समझा जाता है कि कांग्रेस का जमीनी कनेक्ट का काम पूरा हो गया, जबकि इससे असल में कुछ नहीं होता है।कांग्रेस को जनता से कनेक्ट और संवाद का पुराना तरीका विकसित करना होगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बात शीर्ष नेताओं को सुननी होगी। एक जमाना था, जब कांग्रेस के संगठन महासचिव चाहे वह ऑस्कर फर्नांडीज हों या जनार्दन द्विवेदी वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में बैठते थे। पार्टी के नेता सहज रूप से उनसे मिल सकते थे। उनकी बातें सुनी जाती थी और उनकी फीडबैक के आधार पर पार्टी फैसले करती थी। यह सही है कि अहमद पटेल लोगों से नहीं मिलते थे लेकिन वे कांग्रेस अध्यक्ष के सलाहकार थे, संगठन महासचिव नहीं थे। अब जिन पर राहुल गांधी को सबसे ज्यादा भरोसा है वे बनाए गए हैं संगठन महासचिव लेकिन रंग ढंग अहमद पटेल वाले हैं। इसका नतीजा यह है कि मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल आम कांग्रेसी की पहुंच से बहुत दूर हो गए हैं। ये लोग महासचिवों की बात सुनते हैं और महासचिव वही बात सुनाते हैं, जिसमें उनका अपना कुछ फायदा निहित हो।

-अजीत द्विवेदी-

# देश के दुलारे सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी

वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेशजी जनमानस के आत्मविकास में लगे हुए हैं। भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं।नया साल नई संभावनाएं लिए आता है। समय कैसा भी रहे अपन समाज के प्रति अपनी आशा तो बनाए रख ही सकते हैं। समाज से संवाद तो चलाया जा ही सकता है। समाज से ही निकले सभ्य-सुशील लोग नयी समय-समझ गढऩे में भी लगते हैं। उनके नए संवाद से भी समाज की समझ बनती-बढ़ती है। इसलिए आशा है समाज में श्रद्धा, सौहार्द और विवेक का माहौल बने। भौतिक विकास के साथ आत्मिक विकास भी हो। वृंदावन की व्यासपीठ के 26 वर्षीय युवा इंद्रेश जी जनमानस के आत्मविकास में लगे देखे जा सकते हैं।किसी का भी अस्तित्व तो उसकी सच्ची आस्था के आत्मविश्वास से ही प्रकट होता है। वही आस्था जो हमारे जीवन के अर्थ व हमारे रोजमर्रा के कामों से प्रदर्शित होती है। और फिर हमारे वही अर्थपूर्ण कामकाज ही हमें प्रतिष्ठित व लोकप्रिय बनाते है। मगर आकार से न हमारा अस्तित्व तय होता है न ही संख्या से हमारी सार्थकता। आज जब पंथ-जमात के कई प्रतिष्ठित हुए व लोकप्रिय माने गए गुरु जेल में अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं तो भागवत कथाकार इन्द्रेश जी सभी का मन मोह रहे हैं।



इसलिए सारे देश में इंद्रेश जी,इंद्रईश दुलारे हो गए हैं। पिछले दिनों इन्द्रेश जी ने चंडीगढ़ में वृंदावन प्रकट उत्सव मनाया। वृंदावन का महिमामृत व भाव कहा व गाकर सुनाया। चंडीगढ़ के ही लोकप्रिय गायक-संगीतकार बी-प्राक ने इन्द्रेश जी को रस, रास और राग के महात्म्य के लिए बुलाया था। वृंदावन प्रकृति-प्रेम का प्रतीक है तो कुरुक्षेत्र गीता-ज्ञान का रणक्षेत्र। उसी से लगे चंडीगढ़ में इन्द्रेश जी वृंदावन के राधाकृष्ण प्रेम को उत्सव रूप में प्रकट कर रहे थे। अपने रसमय भागवत प्रेम के कथा-पाठ के साथ रागमय संगीत रच रहे थे। इन्द्रेश जी परंपरा से प्राप्त कृष्ण-प्रेम को नए युवाओं के लिए नवोदित चिंतन प्रदान करने में लगे हैं। बृज की सरससता से देश में समरसता जगाने में लगे हैं।भक्तिपथ पर चलने वाले इंद्रेश जी जब वृंदावन प्यारो वृंदावन गाते हैं तो सुनने वाले स्वभाव में वृंदावन ही पहुंच जाते हैं। वे सुर-राग के धनी हैं तो रस-भाव के भी धनी हैं। इन्द्रेश जी के छवि चित्र में ही उनका चरित्र भाव दिखता है। दिखने में पुरुषत्व सुंदरता लिए, इंद्रेश जी की वाणी सुर में सुरीली, राग में लचीली व भाव से भरी है। काले-घने लहराते केश से घिरा, नीचे साफ-चौड़ा माथा है। उनके चौड़े माथे पर सीधा चलता लाल तिलक उनके स्वरूप को कांति देता है। उनकी जुल्फों से नीचे निकलती लंबी कलम कान को खास आकार और चेहरे को साकार करती हैं। हंसमुख होंठ व गोल-गोल गाल कहने-सुनने के लिए आकर्षित करते हैं। उनकी कटीली भौंह उनकी प्रकाशमय आंखों को चमत्कर्ष बना देते हैं। एक ही कान में मोती उनको आज के युवा-युवती से जोड़ता है। लेकिन इंद्रेश जी के चेहरे में सबसे आकर्षित करने वाली तो उनकी भावमय, रसमय आंखें ही हैं जो अनकहा भी कह जाती हैं। यानी कूल मिला कर एक व्यक्तित्व जो कला में श्रेष्ठ, गायन में सुरीला और रूप में सुखमय निखर कर आता है। राग व अनुराग से भरा पूरा चरित्र। इन सब चेहरे के चित्र से अलग इंद्रेश जी का चरित्र उनके क्रिकेट प्रेम से भी झलकता है। युवाओं के खेल प्रेम से उन्हें जोड़ता भी है। भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच श्रृंखला का कानपुर टेस्ट देखने उनको ग्रीन पार्क मैदान पर भी ले जाता है। मानव कल्याण, जीव कल्याण व गऊ कल्याण का पाठ पढ़ाते हुए इंद्रेश जी जीवन को युवाओं के लिए आनंद का खेल बना देते हैं। और चंडीगढ़ में सुहावनी सुंदर संगत जमा देते हैं। भारतीयों में आज अगर थोड़ा सा भी कुछ सनातन बचा है तो उसे भी जगाते हैं। जिसको देखा-सुना नहीं उसके प्रति प्रेम भक्ति जगाते हैं। सनातन धर्म की सच्ची शिक्षा इन्द्रेश जी जैसे ही पंथनिष्ठ कथा-संतों से सजती है। समाज को नैतिक निष्ठा के लिए संजोता है। समरस, समभाव का समाज रचने में लगती है। आज का युवा भी इंद्रेश जी के संगीतमय, भक्तिमय और रसमय भागवत कथा पाठ पर चल व थिरक भी सकता है। इंद्रेश जी देश के दुलारे हैं क्योंकि उनके जैसे कथा-संतों से ही सनातन धर्म चलता आया है।

-संदीप जोशी-



# नेताओं की बढ़ती सम्पत्ति गरीबों को मुंह चिढ़ा रही है

भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो।

-योगेंद्र योगी-

## कविता
## तुमसे मेरा जीवन

घटती-घटना



मोनिका डागा
चेन्नई तमिलनाडु

इन सुंदर प्रेम लफ्जों में पिरोदूं तुम्हें,
आनंद संगीत सुमधुर गुनगुनाऊं,
तुम्हारे चाहत की सच्ची प्रीत पिया,
ये प्यारा बंधन खुशी से मैं निभाऊं ।
कभी रूठ गए जो तुम गर मुझसे,
प्यार के मीठे-मीठे बोल सुनाऊं,
तुमसे ही है मेरा जीवन जगमग,
तुम्हें इसका प्यारा एहसास कराऊं ।
तुम्हारे गमों में सहभागी बन हरदम,
हिम्मत और हौसला दे कदम बढ़ाऊं,
जिंदादिली से अपनी जीवन बगिया का,
हर कोना इन्द्रधनुषी रंगों से सजाऊं ।
हाथों में तुम्हारा हाथ थाम पिया जी,
जीवन का सुख-दुख संग जीती जाऊं,
सज-धज सोलह साज श्रृंगार मनोहर,
घर आंगन ढेरों खुशियां नित बिखराऊं ।
ईश्वर से तुम्हारे मंगल की करूं प्रार्थना,
दुनिया की बुरी नजरों से सदा बचाऊं,
व्रत, उपवास करूं चितमन से मैं सारे,
तुम्हारी जीवनसंगिनी प्रियतमा कहलाऊं ।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।





धन धन गुरु गोविंद सिंह का 358 वां प्रकाश पर्व सोमवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन प्रारंभ हुआ। सिख संगत के साथ नगर वासियों ने बड़े ही श्रद्धा के साथ गुरुद्वारा में माथा टेका। 11 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें रागी जत्था ज्ञानी साहिब सिंह, सुमित सिंह द्वारा शब्द कीर्तन कर उपस्थित संगत को निहाल किया। उसके बाद स्त्री सत्संग द्वारा रसमय शब्द कीर्तन किया गया। उसके पश्चात नवनीत कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर, बेबो कौर, एकमजोत सिंह, अश्मित कौर, लवलीन कौर,हरकिरन कौर द्वारा शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया। तत्पश्चात जितेन्द्र सिंह सोढ़ी बलराज सिंह लक्की, प्रीतपाल सिंह अरोरा ने गुरु गोविन्द सिंह की जीवनी पर अपने विचार रखे। जितेन्द्र सिंह सोढ़ी ने विस्तार से बताया कि किस तरह गोविन्द सिंह ने देश धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वंश दान कर दिया। इस अवसर पर नव नियुक्ति भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, गुरुपाल सिंह भल्ला, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक राजकुमार टोप्पो, आलोक दुबे , ललन प्रताप सिंह, अभिमन्यु गुप्ता ने भी समूह साध संगत को और नगर वासियों को प्रकाश पर्व की बधाइयां दी।

## बच्चों ने रात्रि में किया शबद कीर्तन

रात 8 बजे विशेष दीवान सजाया गया जिसमें बच्चों ने शब्द कीर्तन किए एवं गुरु गोविन्द सिंह की जीवनी पर अपने विचार रखे। गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा, पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष अमितोज सिंह टुटेजा और मीडिया प्रभारी जगदीप सिंह छाबड़ा, रिंकू समूह साध संगत और नगर वासियों को प्रकाश पर्व की बधाई दी है। कार्यक्रम का संचालन सचिव नरेन्द्र सिंह भामरा ने किया।

## अटूट लंगर का वितरण

गुरु गोविन्द सिंह के 358 वें प्रकाश पर्व गुरुद्वारा को आकर्षक तरीक से सजाया गया था। सिख समाज सहित अन्य समाज के लोग मथा टेकने गुरुद्वारे पहुंचे। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद व लंगर ग्रहण किया।



# मजदूरी करने जा रही युवती से मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

मजदूरी करने जा रही युवती से मोबाइल लूटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार सोनामती सिंह ग्राम भेलकच थाना रमकोला की रहने वाली है। वह शहर के गंगापुर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करती है। वह रविवार की सुबह मजदूरी करने पैदल महामाया मंदिर की ओर जा रही थी। जल रोड स्थित गुरुद्वारा के पास पहुंची ही थी कि प्रतिक्षा बस स्टैंड की तरफ से बाइक सवार दो युवक आए और युवती के हाथ से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। युवती मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी संदीप यादव पिता कुंवर यादव उम्र 25 वर्ष कण्डोरा थाना कुनकुरी जिला जशपुर व ऋतिक कुमार पैंकरा पिता सुखन साय पैकरा उम्र 22 वर्ष साकिन बरटोली भागलपुर जशपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304(2), 3(5) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# साल्ही गांव के संगवारी रामायण मंडली को प्रदान किया वाद्य यंत्र




- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा शनिवार को ग्राम साल्ही के संगवारी रामायण मंडली को, ढोलक, बेंजो, हार्मोनियम, तबला इत्यादि वाद्य यंत्र प्रदान किया गया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत परसा ईस्ट केते बासेन खदान के पास के गांव साल्ही के बैगापारा में अदाणी एंटरप्राइजेज के क्लस्टर एचआर प्रमुख राम द्विवेदी ने इन वाद्य यंत्रों को संगवारी रामायण मंडली को सौंपा। इस मौके पर अदाणी फाउंडेशन, सरगुजा के सीएसआर प्रमुख अशोक पंडा तथा अनिल जायसवाल मौजूद थे। इसका उद्देश्य गांवों में युवाओं को सौहाद्र पूर्ण माहौल में भक्ति के मार्ग से जोडना है। साथ ही इससे गाँवो में नशाखोरी जैसी कुरीतियों को खत्म करने में सहायक सिद्ध होंगे तथा सामाजिक समरसता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें पालन : एसपी

» लोगों को जागरुक करने चलाया जा रहा यातायात सडक़ सुरक्षा माह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।





हर वर्ष सरगुजा पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से 36 वां सडक़ सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। पथ सुरक्षा-जीवन सुरक्षा अभियान अंतर्गत सडक़ सुरक्षा माह का उद्घाटन 6 जनवारी को पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

एसपी ने कहा कि वर्तमान समय में यातायात के नियमों का पालन कराने के साथ ही आम नागरिकों को जागरूक करना अति आवश्यक है। सडक़ सुरक्षा रथ यातायात जागरुकता के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। शहर की अधिकांश सडक़ें वर्तमान समय के हिसाब से सकरी हैं और यातायात का दबाव निरंतर बढ़ रहा है।

लापरवाह एवं तेज गति से वाहन चलाकर आमनागरिकों के जीवन को संकट में लाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर परिजनों को बुलाकर कड़ी समझाइश के साथ चालानी कार्रवाई की जा रही है। अमानक साइलेंसर के विरुद्ध जब्ती एवं चालानी कार्रवाई की जा रही है। रिंग रोड में खड़े वाहनों के संबन्ध में ट्रांसपोर्ट यूनियन एवं गैरेज संचालकों के साथ बैठक कर रिंग रोड को पार्किंग मुक्त बनाने के कार्रवाई की जाएगी।

## जागरूकता लाने होंगे विविध कार्यक्रम

सरगुजा पुलिस द्वारा 'पथ सुरक्षा जीवन सुरक्षा' अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही स्कूली बच्चों में जागरुकता, हेलमेट रैली, यातायात जागरुकता मैराथन, ऑटो, बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के चालकों एवं परिचालकों के आंखों की जांच तथा लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# जिला स्तरीय बालिका/महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

- संवाददाता -
एमसीबी,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।





कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा खेल अधिकारी गोपाल सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल प्रांगण में जिला स्तर पर बालिका/महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तर की प्रतियोगिता 04 जनवरी 2025 को सम्पन्न हुआ है। जिस प्रतियोगिता में खो-खो, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्सा-कस्सी, हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन और एथलेटिक्स जैसे खेलों की स्पर्धाऐं आयोजित की गयी थी। 100 मीटर की दौड़ में 9 से 18 वर्ष के सुस्मिता प्रथम, कमलेश्वरी द्वितीय, निर्मला तृतीय, और 400 मीटर की दौड़ में सुमन प्रथम, सुस्मिता द्वितीय, दुर्गावती तृतीय तथा 100 मीटर की दौड़ में 19 से 35 वर्ष के प्रभावती प्रथम, रीता द्वितीय, अमरवती तृतीय और 400 मीटर की दौड़ में प्रभावती प्रथम, अमरवती द्वितीय, गायत्री सिंह तृतीय, रस्सा - कस्सी में 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता भरतपुर, और 19 से 35 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, तवा फेंक में 9 से 18 वर्ष के कविता सिंह प्रथम, गीता सिंह द्वितीय, दीपिका सिंह तृतीय, और 19 से 35 वर्ष के पार्वती प्रथम, प्रभावती द्वितीय, दिपा तृतीय, खो-खो में 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता भरतपुर, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, वॉलीबॉल 9 से 18 वर्ष के विजेता खड़गवॉ, उपविजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता मनेन्द्रगढ़, उपविजेता खड़गवॉ, बास्केटबॉल 9 से 18 वर्ष विजेता मनेन्द्रगढ़, और 19 से 35 वर्ष के विजेता भरतपुर, बैडमिंटन सिंगल में 9 से 18 वर्ष के पूर्वी गुप्ता प्रथम, अंजली द्वितीय, ज्योति तृतीय, बैडमिंटन डबल में पूर्वी -वैभव प्रथम, सुमन -प्रतिमा द्वितीय,प्रगति -अंजली तृतीय, वेटलिफ्टिंग में 9 से 18 वर्ष के संभवी प्रथम, और 19 से 35 वर्ष के सुचित्रा प्रथम, संध्या द्वितीय, रोशनी तृतीय स्थान पर रही है।

# आग की चपेट में आई महिला की इलाज दौरान मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

ठंड से बचने के लिए बिस्तर में पुआल डालकर सो रही वृद्ध महिला आग की चपेट में आ गई, इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के श्रीनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचवटी निवासी जसोदिया आयाम पति महिपाल आयाम 73 वर्ष, 28 दिसम्बर 2024 की रात लगभग 9 बजे खाट में पैरा डालकर सो रही थी, ठंड से बचने के लिए वह पास में ही आग भी जलाकर रखी थी। देर रात अचानक आग के चपेट में वह आ गई। बाहर बरामदे में सो रहा पति महिपाल अपनी पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर पहुंचा तो उसकी पत्नी बुरी तरह से आग की चपेट में आ गई थी। किसी तरह आग बुझाकर वह आग से झुलसी पत्नी को संजीवनी 108 एक्सप्रेस से श्रीनगर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा। यहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था, यहां सोमवार की सुबह उपचार के दौरान वह दम तोड़ दी। पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# भारत सिंह सिसोदिया बने भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष,समर्थकों में खुशी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



सरगुजा भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है। भारत सिंह सिसोदिया को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसे लेकर समर्थकों में खुशी की लहर है। सुबह से ही भजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं की भीड़ देखी गई। सरगुजा भाजपा जिलाध्यक्ष के पैनल में तीन नाम थे। इस लिए दोपहर तक जद्दोजहद बनी रही। दोपहर 1 बजे के बाद भारत सिंह सिसोदिया को कमान सौंपा गया। वहीं रविवार को सूरजपुर जिले में मुरली मनोहर सोनी भाजपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बलरामपुर में ओमप्रकाश जायसवाल को दोबारा जिम्मेदारी दी गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा को लेकर सोमवार की सुबह से ही संकल्प भवन स्थित भाजपा कार्यालय में नेताओं की भीड़ देखी गई। जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा चुनाव प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला, पर्यवेक्षक नरेश नंदे समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन का लिफाफा खोला गया। जिसमें भारत सिंह सिसोदिया के नाम की घोषणा की गई। जबकि पैनल में भारत सिंह सिसोदिया के अलावा अंबिकेश केशरी व देवनाथ पैंकरा के नाम प्रदेश संगठन को भेजे गए थे। दोपहर करीब 1 बजे के बाद सरगुजा जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा होते ही भारत इक्षसह सोदिया के समर्थकों ने भाजपा कार्यालय के बाहर आतिशबाजी शुरू कर दी। भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फूल-माला महनाकर उनका स्वागत किया। लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। नव नियुक्ति भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह ने साल 1998 से विद्यार्थी परिषद से जुड़क़र राजनीति की शुरुआत की थी। वे भाजयुमो और भाजपा में लंबे समय से काम कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी भी रहे। भारत सिंह एग्रेसिव नेता माने जाते हैं। भारत सिंह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं। वह दो बार जिला पंचायत क्षेत्र अंबिकापुर 1 से सरगुजा राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य यूएस सिंहदेव के खिलाफ चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली।

# शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर युवक की पिटाई,एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर दो भाइयों ने 6 दिसंबर को एक युवक की बेदम पिटाई कर दी थी। पीड़ित युवक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मुन्ना गुप्ता शहर के मायापुर का रहने वाला है। वह 6 दिसंबर की दोपहर ठनगनपारा घुमने गया था। मुन्ना संदीप के अण्डा ठेला के पास पहुंचा था तभी ठनगनपारा निवासी राजू उससे शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगा। इस दौरान राजू का भाई वहां पहुंच गया। मुन्ना रुपए देने से मना कर दिया तो दोनों भाइयों ने मिलकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। मुन्ना ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी राजकुमार जायसवाल उर्फ राजू उम्र 30 वर्ष निवासी ठनगनपारा को गिरफ्तार किया है। वहीं इसका भाई अभी भी फरार है। पुलिस ने राजू के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# विदाई से 13 दिन पहले राष्ट्रपति बाइडन को झटका,निप्पॉन स्टील ने कोर्ट में घसीटा

## 15 अरब USD के सौदे का केस

**वॉशिंगटन,06 जनवरी 2025।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन मुश्किल में फंस सकते हैं। दरअसल, जापान की निप्पॉन स्टील और यूएस स्टील ने बाइडन के फैसले को चुनौती दी है। उसने 15 अरब डॉलर के सौदे को रोकने के निर्णय खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

गौरतलब है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जापान की निप्पॉन स्टील द्वारा पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील के अधिग्रहण के करीब 15 अरब डॉलर के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। यह कदम बाइडन के मार्च में किए गए वादे को सही साबित करता है, जिसमें उन्होंने इस अधिग्रहण को रोकने की बात कही थी। बाइडन ने बीते शुक्रवार को कहा था, हमें अमेरिका के राष्ट्रीय हितों की खातिर लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए अमेरिकी इस्पात निर्माण क्षमता के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रमुख अमेरिकी कंपनियों की जरूरत है।

### क्या है आरोप?

आरोप लगाया गया है कि



राष्ट्रपति बाइडन और उनके प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने राजनीतिक फायदे के लिए इस समीक्षा प्रक्रिया को गलत तरीके से प्रभावित किया। साथ ही इस सौद को रोककर स्टील उद्योग श्रमिकों को नुकसान पहुंचाया है।

अमेरिकी सरकार ने यह कदम तब उठाया जब विदेशी निवेश की समीक्षा करने वाली समिति इस सौदे पर निर्णय नहीं ले सकी। राष्ट्रपति बाइडन का कहना था कि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि अमेरिकी स्टील उद्योग मजबूत और अमेरिकी स्वामित्व में रहे। कंपनियां अब उस समिति से फिर से समीक्षा करने की मांग कर रही हैं।

इसके अलावा, उन्होंने क्लेवलैंड-क्लिफ्स नामक अमेरिकी स्टील कंपनी और यूनाइटेड स्टीलवर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष के खिलाफ एक और मुकदमा दायर किया है, जिसमें आरोप है कि इन दोनों ने मिलकर इस सौदे को कमजोर करने की कोशिश की।

### अदालत क्यों पहुंची कंपनियां?

यह मुकदमा चुनावी राजनीति में फंसे एक सौदे को बचाने के लिए किया गया एक आखिरी कोशिश है। हालांकि, राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित फैसलों में व्यापक अधिकार होते हैं और अब तक किसी भी ऐसे फैसले को अदालतों ने पलटा नहीं है। कंपनियों का कहना है कि उन्हें यह अदालत का रुख इसलिए करना पड़ा क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था।



# नेपाल में उड़ान भरते ही विमान के इंजन में लगी आग,76 यात्री थे सवार और फिर...

**काठमांडू,06 जनवरी 2025 ।** नेपाल की बुद्धा एयरलाइंस के विमान के इंजन में आग लगने के बाद सोमवार सुबह उसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (टीआईए) पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में 72 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे जो पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### क्यों कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, चंद्रगढ़ी (भद्रपुर) जाने वाले विमान (बीएचए953) ने स्थानीय समयानुसार सुबह 10÷37 बजे टीआइए से उड़ान भरी। जिस वक्त यह पता चला कि विमान के बाएं इंजन में आग लग गई है, इसने काठमांडू के लिए वीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनीडायरेक्शनल रेंज) पर उड़ान भरी और सुबह 11÷15 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की।

### यात्रियों को दूसरे विमान से भेजा गया

यात्रियों को गंतव्य की ओर ले जाने के लिए एक अलग विमान की व्यवस्था की गई। काठमांडू में हवाईअड्डे को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद हवाईअड्डे से विमानों का परिचालन सामान्य हो गया।

# इधर दक्षिण कोरिया पहुंचे अमेरिका के विदेश मंत्री



**रॉयटर्स,सिओल, 06 जनवरी 2025।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को समुद्र में इंटरमीडियट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल दागी। यह फायर ऐसे वक्त में हुआ है, जब दक्षिण कोरिया में चल रहे राजनीतिक उथल-पुथल के बीच यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एंटली ब्लिकंन सिओल दौरे पर हैं।

दक्षिण कोरिया की मिलिट्री ने कहा कि मिसाइल को दोपहर के वक्त पूर्व दिशा में फायर दिया गया। इसके कुछ समय बाद ही एंटनी ब्लिकंन ने दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक से मुलाकात की।

आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक में ब्लिंकन ने दक्षिण कोरिया के लिए अमेरिका की अटूट सुरक्षा प्रतिबद्धता पर जोर दिया और उत्तर कोरिया के उकसावे की नीति के खिलाफ एक मजबूत जॉइंट डिफेंस टीम बनाने का आह्वान किया।

सिओल पहुंचे थे एंटनी ब्लिंकन

दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लगाने के बाद यून सुक योल पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटा दिया गया था, जिसके बाद चोई सांग-मोक ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला है। 5 नवंबर को भी उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट पर छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। उसके बाद से उत्तर कोरिया का यह पहला लॉन्च था।

### सॉलिड फ्यूल पर काम कर रहा उत्तर कोरिया

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उत्तर कोरिया ने किस तरह की मिसाइल दागी थी। लेकिन पिछले साल उसने आईआरबीएम टेस्ट में नये सॉलिड फ्यूल का डिजाइन तैयार किया था। उत्तर कोरिया के मुताबिक, यह हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल की तरह है, जो मिसाइल डिफेंस को चकमा देने वाले वारहेड के रूप में तैयार किया गया है।

# पाकिस्तानी रेप गैंग को लेकर ब्रिटेन सरकार पर हमलावर हुए एलन मस्क

## नये सिरे से जांच की कर दी मांग

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025 ।** दुनिया से सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने यूके की राजनीति में भूचाल ला दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट कर उन्होंने प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और लेबर सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

एलन मस्क के इन आरोपों के बाद ब्रिटेन में एक बार फिर चाइल्ड ग्रूमिंग गैंग का मुद्दा चर्चा में आ गया है। इसमें अब नये सिरे से जांच की मांग उठने लगी है। एलन मस्क ने आरोप लगाया कि कीर स्टार्मर पब्लिक प्रोसेक्यूशन हेड के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान ग्रूमिंग गैंग केस पर निर्णायक रूप से कार्य करने में विफल रहे।

### स्टार्मर को बचाने का आरोप

मस्क ने आरोप लगाया कि स्टार्मर ने रेप गैंग को न्याय का सामना किए बिना कमजोर लड़कियों का शोषण करने की इजाजत दी। मस्क ने इसे सरकारी तंत्र की विफलता बताई और कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व वाला क्राउन प्रोसेक्यूशन सर्विस न्याय नहीं दिला सका।



एलन मस्क ने यूके के गृह विभाग के अंतर्गत आने वाले मंत्री जेस फिलिप पर भी निशाना साधा। मस्क ने कहा कि फिलिप ने ओल्डहैम में कथित ग्रूमिंग स्कैंडल के खिलाफ उठ रही पब्लिक इंक्वायरी की मांग को खारिज कर स्टार्मर का बचाव किया था।

### ब्रिटेन ने खारिज किया आरोप

मस्क ने जेस फिलिप के फैसले को स्टार्मर को बचाने के लिए राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम की विफलता को छिपाने का प्रयास था। एलन मस्क ने इस मामले में नये सिरे से राष्ट्रीय स्तर पर जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि लेबर सरकार को जल्द से जल्द आम चुनाव कराने चाहिए।

### कीर स्टार्मर पर भड़के एलन मस्क

एलन मस्क ने फिलिप को बलात्कार नरसंहार समर्थक तक बता दिया। हालांकि लेबर सरकार ने इन आरोपों को तत्काल प्रभाव से खारिज कर दिया। यूके के स्वास्थ्य सचिव वेस स्ट्रीटिंग ने इन्हें गलत जानकारी वाला बताया। स्टार्मर के बचाव में कहा गया कि 2013 में डीपीपी रहते हुए उन्होंने बच्चों के यौन शोषण को रोकने के लिए नई गाइडलाइन बनाई थी।

### क्या है ग्रूमिंग गैंग स्कैंडल?

ग्रूमिंग गैंग स्कैंडल यूके की राजनीति का एक विवादित विषय है। रोदरहैम, रोचडेल और टेलफोर्ड जैसे शहरों में जांच के बाद बड़े पैमाने पर बच्चों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। जिन लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया था, वह पाकिस्तानी मूल के थे। यही कारण है कि इसे पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग या पाकिस्तानी रेप गैंग भी कहते हैं।

लोक अथॉरिटी और जांच एजेंसियों पर नस्लवादी करार दिए जाने के डर से दुर्व्यवहार को नजरअंदाज करने या कम आंकने का आरोप लगाया जाता है। 2022 में हुए ओल्डहैम इंक्वायरी गंभीर विफलताएं पाई गई, लेकिन संगठित शोषण के सबूत सामने नहीं आए। इसी विफलता के खिलाफ आवाज उठाने वाले घोर दक्षिणपंथी चेहरों टॉमी रॉबिन्सन और निगेल फराज को एंटी इमीग्रेंट भावनाएं भड़काने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

# प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु 20 जनवरी तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। उक्त जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जारी सारणी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन 20 जनवरी 2025 (रात्रि 12:00 बजे तक) तक भरे जा सकते हैं। त्रुटि में सुधार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 (रात्रि 12:00 बजे तक) तक किया जाएगा। जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 28 जनवरी 2025 से 07 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर/ प्रशासकीय अधिकारी प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर एवं विकास खण्ड अंतर्गत संबंधित समस्त मण्डल संयोजकों से प्राप्त कर सकते हैं।

# हमास ने जारी किया इजरायली बंधक का वीडियो, बेटी को देख परिवार का छलका दर्द; कहा- अब समय आ गया है...

**यरुशलम, 06 जनवरी 2025।** हमास के सशस्त्र विंग ईज्जेदीन अल-कसाम ब्रिगेड्स ने शनिवार (4 जनवरी) को एक वीडियो जारी किया, जिसमें अक्टूबर 2023 के हमले में गाजा में बंदी बनाई गई इजरायली सैनिक लिरी अलबाग को दिखाया गया है।

एफपी की रिपोर्ट के अनुसार, ये वीडियो किस तारीख का है इस खुलासा नहीं हो पाया है। साढ़े तीन मिनट के इस वीडियो में, जिसकी पुष्टि स्नक्कनहीं कर पाया है, 19 वर्षीय सैनिक लिरी अलबाग हिब्रू भाषा में इजरायली सरकार से अपनी रिहाई की मांग कर रही हैं।

होस्टेज और मिसिंग फैमिलीज फोरम% ने अपने एक बयान में बताया कि लिरी के परिवार ने इस वीडियो को पब्लिश करने की अनुमति नहीं दी है। परिवार ने अपील करते हुए कहा हम प्रधानमंत्री, दुनिया के नेताओं और सभी निर्णय-निर्माताओं से अपील करते हैं कि यह फैसला लेने का समय है इसे अपना बच्चे समझे और इस पर जल्द से जल्द फैसला लें। अलबाग को गाजा सीमा पर फलस्तीनी उग्रवादियों ने पकड़ा था



अलबाग 18 वर्ष की थी जब उसे गाजा सीमा पर नहाल ओज बेस पर फलस्तीनी उग्रवादियों ने छह अन्य महिला सैनिकों के साथ पकड़ लिया था, जिनमें से पांच अभी भी कैद में हैं।

### हमास और इस्लामिक जिहाद ने किया वीडियो जारी

हमास और उसके सहयोगी इस्लामिक जिहाद ने गाजा में लगभग 15 महीने की लड़ाई के दौरान अपने कब्जे में लिए गए इजरायली बंधकों के कई वीडियो जारी किए हैं। अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान 251 इजरायली बंधकों को पकड़ा गया था जिनमें से 96 अभी भी गाजा में हैं। इजरायली सेना का कहना है कि 34 बंधक मारे गए हैं।

हमास ने शुक्रवार देर रात कहा कि युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता उसी रात कतर में फिर से शुरू हुई। उसके बाद से कोई अपडेट नहीं आया है। मध्यस्थ कतर, मिस्र और संयुक्त राज्य अमेरिका कई महीनों से युद्ध को समाप्त करने के प्रयास में लगे हुए हैं, लेकिन वे विफल रहे हैं।

# शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक एजेंसियों से 15 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर, 06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।**

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड अम्बिकापुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत नवपाराकला, ग्राम पंचायत नवानगर, ग्राम पंचायत मोतीपुर एवं ग्राम पंचायत बरगई के शासकीय उचित मूल्य दुकानों का आबंटित एजेंसियों द्वारा संचालन में अनियमितता पाये जाने के आधार पर आबंटन आदेश निरस्त किया गया है।

अतएव ग्राम पंचायत नवपाराकला, ग्राम पंचायत नवानगर, ग्राम पंचायत मोतीपुर एवं ग्राम पंचायत बरगई के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी जो छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत संचालन हेतु पात्र हैं, वे अपना पत्र विहित प्रारूप में सम्पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज यथा पंजीयन प्रमाण पत्र, प्रस्ताव, कार्यवाही पंजी, बैंक पासबुक का विवरण, आधार कार्ड की सत्यापित प्रति के साथ आवेदन पत्र 15 जनवरी 2025 तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) में जमा कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

# नेत्रहीन बच्चों के स्कूल में लगाया गया विशेष शिविर

- बच्चों की सुविधाओं के मद्देनजर कार्य शुरू
- स्वास्थ्य शिविर में चिन्हांकित तीन बच्चों को निःशुल्क इलाज हेतु भेजा जाएगा रायपुर
- बच्चों की गीत संगीत प्रतिभा को प्रोत्साहित करने भेंट किया हारमोनियम
- गणतंत्र दिवस पर बच्चों द्वारा विशेष प्रस्तुति देने अधिकारियों को दिया निर्देश









- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर श्री विलास भोसकर की संवेदनशील पहल पर सोमवार को बतौली स्थित नेत्रहीन बच्चों के आवासीय विद्यालय में आधार एवं आयुष्मान कार्ड सहित चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही दिव्यांग छात्र छात्राओं को गरम कपड़ों का भी वितरण किया गया। अपने बीच कलेक्टर को पाकर बच्चे बेहद उत्साहित हुए और सुरीले स्वागत गीतों के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर कलेक्टर सपत्नीक बच्चों के बीच पहुंचे थे। इस दौरान एसपी श्री योगेश पटेल, एसडीएम बतौली श्री रवि राही, प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग डॉ स्वेच्छा सिंह सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आगामी गणतंत्र दिवस पर इन बच्चों का विशेष कार्यक्रम मुख्य समारोह में रखे जाने कलेक्टर ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री भोसकर ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे बात की। उन्होंने बच्चों की गीत संगीत की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें अपनी ओर से हारमोनियम भी भेंट किया। छात्र सुकलु, छात्राएं संध्या, चन्दा आदि ने देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी गीत सुनाए। कलेक्टर ने सपत्नीक बच्चों के साथ भोजन किया और उनकी शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं को दुरुस्त करने अधिकारियों से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कलेक्टर ने स्कूल एवं छात्रावास का निरीक्षण कर बच्चों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने अधिकारियों को निर्देशित किया था जिसके परिपालन में आज विशेष शिविर आयोजित किया गया।

### चिकित्सा शिविर में चिन्हांकित तीन बच्चों को मिलेगी निःशुल्क स्वास्थ्य सहायता

कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच की गई जिसमें दो बच्चों को आंखों की ऊपरी पलक के पूरे ना खुल पाने से संबंधित परेशानी की पहचान हुई। आगामी समय में उन्हें नि:शुल्क इलाज हेतु एम्स भेजा जाएगा, इलाज के बाद वे सामान्य रूप से देख सकेंगे। एक बच्चे को हृदय से संबंधित बीमारी की पहचान हुई जिसे नि:शुल्क इलाज हेतु रायपुर भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री भोसकर ने प्राथमिकता से बच्चों के इलाज हेतु समन्वय करने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। इसके साथ ही जिन बच्चों के आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड नहीं थे, उनके कार्ड बनाने पंजीयन की प्रक्रिया की गई।

# एमसीबी जिले में पूर्व विधायक व पूर्व संसदीय सचिव को बनाया गया भाजपा जिलाध्यक्ष

**कभी विधायक की रही दावेदार आज जिलाध्यक्ष बना उनकी राजनीति बचाने का किया गया प्रयास?**

**वर्तमान जिलाध्यक्ष के बनने से जितनी खुशी नहीं है उतनी खुशी पूर्व जिलाध्यक्ष के हटने से है जिले के भाजपाइयों को**

**सूरजपुर के जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करके आते ही दूसरे दिन उनके जिलाध्यक्ष बनने की घोषणा हो गई...**

## पैतृक घर सहित ससुराल क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी है हावी,क्या चंपा देवी पावले अब भाजपामय कर पाएंगी दोनों क्षेत्र

चंपा देवी पावले का पैतृक मायके क्षेत्र और ससुराल गांव एक ही रास्ते में कुछ ही किलोमीटर के दरम्यान स्थित है, यह राष्ट्रीय राज्यमार्ग 43 पर स्थित दो ग्राम हैं दोनों ही ग्राम क्षेत्र सहित अन्य आसपास के ग्राम क्षेत्र में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी हावी है। अब क्या चंपा देवी पावले दोनों जगह भाजपा की मानसिकता वाले वातावरण का माहौल तैयार कर पायेगी क्योंकि वह पहले सत्ता थी अब संगठन हैं अब उन्हें पार्टी के लिए सोचना होगा?

## ठेकेदारी की मानसिकता का करना होगा त्याग

चम्पा देवी पावले को ठेकेदारी वाली मानसिकता का त्याग करना होगा। वह अब संगठन हित में आगे बढ़े यही उनसे पार्टी की अपेक्षा होगी। उन्हें पूर्व सत्ता कार्यकाल की गलतियों से सीख लेनी होगी और अब उन्हें परिवार सहित अन्य की ठेकेदारी से दूरी बनाकर आगे बढ़ना होगा जिससे उनका यह कार्यकाल पार्टी के लिए मिसाल बन सके।

-संवाददाता -
एमसीबी,06 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में भाजपा के जिलाध्यक्ष बदले जा रहे हैं पहली सूची में 11 जिले के जिलाध्यक्ष बदले गए थे दूसरी सूची भी जारी हो चुकी है दूसरी सूची में एमसीबी व कोरिया के जिलाध्यक्ष बदले गए हैं, गजब का इत्तेफाक है जो महिला नेत्री सूरजपुर जिले के जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने गई हुई थी, उसके दूसरे दिन वह खुद अपने जिले की जिलाध्यक्ष बन गई, उनका नाम पैनल में कहीं भी नहीं था पर सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट मंत्री व बैकुंठपुर विधायक की वजह से वह सीधे जिला अध्यक्ष की सूची में शामिल हो गई और उनके नाम की घोषणा भी हो गई। विधायक की भी यह पुनः दावेदार थी और पूर्व में विधायक व संसदीय सचिव भी रह चुकी थी इसके बाद इन्हें पहली बार संगठन में जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है, कयास ऐसे भी लगाए जा रहे हैं कि उनकी राजनीति को बचाए रखने के लिए यह पद देना भी जरूरी हो गया था वहीं एक विधायक की सहमति नहीं होने की भी बात सामने आ रही है। वैसे संभाग में आदिवासी समुदाय से साथ ही किसी महिला का जिलाध्यक्ष बनना पार्टी के हिसाब से बेहतर साबित होगा यह मानकर पार्टी ने ऐसा निर्णय लिया है क्योंकि एमसीबी जिले में आदिवासी समुदाय से विधायक साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से विधायक साथ ही मंत्री हैं हीं अब वहां आदिवासी समुदाय से महिला जिलाध्यक्ष होगा जो पार्टी के लिए वोट बैंक के हिसाब से बेहतर होगा यह पार्टी की शायद सोच होगी ऐसा माना जा रहा है।

भाजपा जिला कार्यालय में जैसे ही नए जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती चंपा देवी पावले के नाम की घोषणा हुई, कार्यकर्ताओं में एक जबरदस्त उत्साह का माहौल बन गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस खुशी के मौके पर एक-दूसरे को बधाई दी और जोश में आकर नारे लगाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी,पूर्व जिलाध्यक्ष लख़न लाल श्रीवास्तव, दुर्गा शंकर मिश्रा,रामचरित द्विवेदी,अनिल सिंह,डोमरू बेहरा, राहुल सिंह, जे के सिंह, अधि. आशीष सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव,दया शंकर यादव,पार्षद सरजू यादव,विनीत जायसवाल, अमित भोजवानी,महेंद्र सिंह,हरित शर्मा, डा. रश्मि सोनकर, विवेक अग्रवाल, अंकुर जैन, प्रखर जायसवाल, सुमित सैकड़ो की संख्या में जिले भर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## निर्णय संगठन की मजबूती और भविष्य की दिशा को देखते हुए लिया: श्याम बिहारी

इस अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने श्रीमती चंपा देवी पावले को जिले की कमान सौंपी है, यह निर्णय संगठन की मजबूती और भविष्य की दिशा को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि श्रीमती पावले अपने नेतृत्व में पूरी तरह से खरे उतरेंगी और जिले में भाजपा को और मजबूती देंगी। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने आगे कहा, ÷श्रीमती पावले का नेतृत्व प्रदेश और जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि वे अपनी कार्यशैली और प्रतिबद्धता के साथ भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगी और संगठन को और मजबूत बनाएंगी।

## जिम्मेदारी उन्हें दी है,वह उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगी

इस दौरान श्रीमती चंपा देवी पावले ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह उसे पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि वे सभी के साथ मिलकर पार्टी के विकास की दिशा में काम करेंगी। कार्यकर्ताओं के बीच जोश और उमंग की इस लहर ने यह साबित कर दिया कि भाजपा संगठन के प्रति उनका समर्थन पूरी तरह से मजबूत है और अब वे नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## कोरिया जिले सहित एमसीबी जिले की नई जिलाध्यक्ष की जोड़ी वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए पड़ी थी भारी

कोरिया जिले के नए जिलाध्यक्ष साथ ही एमसीबी जिले की नई जिलाध्यक्ष की जोड़ी एक बार पहले भी साथ में काम कर चुकी है। यह अवसर था वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक का जब एमसीबी जिलाध्यक्ष नवीन विधायक थी संसदीय सचिव थीं वहीं कोरिया के आज के अध्यक्ष भाजपा उनके सबसे खासमखास थे। वैसे दोनों की जोड़ी ही भाजपा की हार की वजह मानी गई थी तबके चुनाव में वर्ष 2018 के चुनाव में और वर्तमान एमसीबी जिलाध्यक्ष को पुनः जिताऊ नहीं मानकर ही टिकट भाजपा ने नहीं दिया था वर्ष 2023 में और जो फायदेमंद साबित हुआ पार्टी के लिए और पार्टी ने केंद्रीय राज्यमंत्री को मैदान में उतारा और चुनाव पार्टी जीत गई।

## ऐसा क्यों थे पूर्व जिलाध्यक्ष जिन्हें हटाने की खुशी भाजपाइयों में थी अधिक?

भाजपा एमसीबी जिलाध्यक्ष नया बनाने से अधिक पुराने को हटाने की खुशी ज्यादा थी भाजपाइयों में। अब पुराने में क्या ऐसा था कि उनका विरोध था यह विचारणीय है। उनका कार्यकाल क्या ज्यादा तानाशाही वाला था क्या वह एकाकी चलने वाले थे जिसके कारण एमसीबी जिले जैसे जिले के लिए आनन फानन में नए जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान हो गया जो शायद सूची में दर्ज नहीं था। पुराने जिलाध्यक्ष का विरोध काफी व्यापक ही कारण बना यह बताया जा रहा है। एमसीबी, कोरिया व सूरजपुर के तत्कालीन जिलाध्यक्ष के हटने की खुशी ज्यादा भाजपाइयों में देखने मिला,क्या उनका कार्यकाल इतना खराब था या अपने कार्यकाल में वह अपने आप को सुपर समझ चुके थे जिस वजह से नया कौन बना इसका उत्साह कम देखा गया पर पुराने से छुटकारा मिला इसका उत्साह ज्यादा रहा। पुराने जिलाध्यक्ष जिसे चाह रहे थे वह भी नहीं बना इस वजह से वह भी खास मायूस देखें, ऐसा लगा कि उनके मन मुताबिक नहीं हुआ और वह अब क्या करेंगे कहां के रहेंगे?

## मंत्री खुद रहे मौजूद,उन्हें भी नए जिलाध्यक्ष की खुशी

स्वास्थ्य मंत्री खुद रहे मौजूद और उन्हें भी शायद नए जिलाध्यक्ष के मनोनयन की खुशी रही ।

## विधायक संसदीय सचिव के कार्यकाल के दौरान परिवार सहित कुछ लोगों के कारण ही चंपा देवी पावेल का कार्यकाल हुआ था अस्वीकार,क्या वह पुनः देंगी उन्हें ही मौका जिनके कारण हार गईं थी चुनाव?

चंपा देवी पावले का पूर्व कार्यकाल सत्ता से जुड़ा हुआ था। वह सत्ता में शामिल थीं और विधायक और संसदीय सचिव बतौर खुद सत्ता शासन थीं लेकिन उनके कार्यकाल के दौरान उनके परिवार सहित कुछ लोग काफी हावी थे और निज स्वार्थ में इतने रत रहते थे कि उन्हें पता ही नहीं चला की उनका कितना विरोध दर्ज हो चुका है। वैसे वह खुद के परिजनों सहित कुछ खास कार्यकर्ताओं के कारण चुनाव हार गई थीं अब देखना है कि क्या वह पुनः हावी होगें जिन्हें उनके हार का कारण माना जाता है। वैसे नागपुर सहित कुछ कोरिया जिले में शामिल हो चुके क्षेत्र के लोगों को उन्होंने किनारे नहीं किया उनकी पुनः वही गति होगी 2018 वाली ऐसा भी कहते सुने जाते हैं लोग।

# पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सराफा व्यापारी गोपाल राय की हत्या पर जताई चिंता

-संवाददाता-
कोरबा,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



कोरबा शहर के टीपी नगर स्थित लालू राम कालोनी में व्यवसायी की जघन्य हत्या पर पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शहर के सबसे व्यस्त इलाके में दो हमलावर घर में घुस कर सराफा व्यापारी गोपाल राय सोनी की धारदार हथियार से जघन्य हत्या कर उनकी कार लेकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि कोरबा समेत प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। फ्लोरा मैक्स जैसी ठग कंपनी ने लगभग 38 हजार महिलाओं से 100 करोड रुपए से भी अधिक की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार जरूर किया, लेकिन महिलाएं कर्जदार बन अभी भी भटक रही हैं। पुलिस के नाक के नीचे यह सब होता रहा। पुलिस तब जागी जब महिलाएं खुद सामने आईं। कर्जदार हो गई महिलाएं अब दर-दर भटक रहे उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा। डीजल चोरी जैसे संगठित अपराध में भी पुलिस की संलिप्तता उजागर हुई है। हाल ही में कुसमुंडा, गेवरा क्षेत्र से डीलर चोर गिरोह को पकड़ा गया। डीजल चोर गिरोह से की गई पूछताछ के बाद यह बात सामने आई कि लगभग आधा दर्जन पुलिस वाले डीजल चोरी के इस कारोबार में सम्मिलित थे। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने खुद पुलिस वालों को सस्पेंड किया। जिससे यह बात प्रमाणित होती है कि संगठित अपराध भी पुलिस के संरक्षण में पोषित हो रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले और राज्य में पुलिसिंग की हालत क्या है। टीपी नगर में हुए जघन्य हत्याकांड के बाद शहर के व्यवसाईयों में डर का माहौल है। जिस तरह से घर में घुसकर व्यवसाई गोपाल राय सोनी की हत्या कर दी गई है। उससे कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा उठ गया है. दिखावे की कार्रवाई करने के स्थान पर कातिलों को जल्द पकड़ा जाना चाहिए। सड़क से लेकर घर के भीतर तक कहीं भी लोगों की जान सुरक्षित नहीं है। जिले में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रहीं हैं। लोग असमय मौत के मुंह में समा रहे हैं। तो दूसरी तरफ घर के भीतर भी आम आदमी की जान सुरक्षित नहीं है।

# ओव्हर स्पीडिंग सहित यातायात उल्लघंन पर होगी कार्यवाही:एसएसपी

-संवाददाता-
सूरजपुर,06 जनवरी 2025
(घटती-घटना)।

दुर्घटनाजनित स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाए कराने, यातायात नियमों के बारे में गुणवत्तापूर्वक लोगों को जागरूक करने, ट्रैफिक नियमों के उल्लघंन पर सख्त कार्यवाही तथा सूखा नशा और अवैध कार्यो पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर सोमवार, 06 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली।

एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों से लंबित मामलों की जानकारी ली और निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों को कहा कि एनएच, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ दुर्घटनाजनित क्षेत्रों का दौरा कर सड़क हादसों को रोकने की रणनीति और सुरक्षात्मक उपाए कराए, जिन स्थानों पर ज्यादा एक्सीडेंट हो रहे है उन्हें ब्लैक स्पोर्ट चिन्हित करें,ओव्हर स्पीडिंग के मामले पर कड़ाई से कार्यवाही करने, व्यस्तम सड़के, प्रमुख स्थानों, ब्लैक स्पोर्ट, चौक चौराहों पर रहने अथवा दुकानदारी करने वालों को सड़क हादसों में घायलों की मदद कर गुड सेमेरिटन बनने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हादसों में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन की जानकारी उपलब्ध कराए ताकि उन्हें पुरस्कृत किया जा सके। सूखा नशा और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैदी से कार्य करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त रूख अपनाने और यातायात नियमों के उल्लघंन पर समझाईश देने के साथ कार्यवाही करने, नागरिकों को हेलमेट पहनने को लेकर जागरूक करें। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी रितेश चौधरी, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि हमारे फर्म मेसर्स माँ महामाया स्टोन क्रेशर पता-ग्राम भेस्की बरियों तहसील-राजपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज,छ0ग0 से दिनांक 14/07/2023 से श्री महेन्द्र कुमार अग्रवाल अलग हो गये हैं, और श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल को नये साझेदारी के रूप में उक्त दिनांक से शामिल किया गया है।

**विनोद कुमार अग्रवाल**
**9926787999**

**न्यायालय कलेक्टर, जिला-सरगुजा (अम्बिकापुर) छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क्र. 2022020300002/
अ-23/2021-2022

**ईश्तहार/सूचना पत्र**

पुनरीक्षणकर्ता सुखसाय आ0 मान्दूल, निवासी ग्राम जूना लखनपुर तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा,छ0ग0 द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के रा0प्र0क्र0 150/अ-23/2004-2005 में पारित आदेश दिनांक 26/09/2006 के विरूद्ध छ0ग0भू0 राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण उत्तरवादीगण (1) श्रवण आ0 हडरू (2) प्रभन आ0 डहरू, (3) सोनमनिया आ0 डहरू. (4) परमनिया आ0 डहरू. (5) ककुन्तला बेवा डहरू (6) राम आ0 बीर साय, (7) पारस आ0 बीर साय, (8) बिझू आ0 बीर साय, (9) कन्हुआ आ0 बीर साय, सभी निवासी ग्राम जूना लखनपुर तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण दिनांक 23/01/2025 को नियत है।

अतः सभी उत्तरवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 23/01/2025 को इस न्यायालय में दिन के 12:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर उत्तरवादीगण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी

(सील)
प्रभारी अधिकारी
कलेक्टर वाचक शाखा

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2,जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र. 202412021700006/
अ-24/2024-2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक पिता नंदलाल, जाति रजवार,निवासी ग्राम श्रीगढ़ तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम श्रीगढ़ में भूमि खसरा नंबर 101/3, 102/2, 103/2 रकबा क्रमशः 0.0010, 0.0270, 0.016 हे0 स्थित है, जो उसके निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। आवेदक अपने निजी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 101/3, 102/2, 103/2 रकबा क्रमशः 0.0010, 0.0270, 0.016 हे0 में से 3.75 डीसमील को छ0ग0 शासन को त्यांजन करना चाहता है। आवेदक द्वारा अपने आवेदन के साथ भूमि त्यजन का निर्धारित प्रारूप-क्र (नियम-1) की प्रति संलग्न किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/01/2025 को न्यायालय में स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायायालीन पदमुद्रा से जारी।

(सील)
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,छ0ग0**

क्रमांक क्यू / वाचक2024
खड़गंवा दिनांक 23/12/2024

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम पैनारी के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतलाल आ0 गुमानसाय, सुखलाल आ0 रामदयाल जाति अहीर निवासी पैनारी तहसील खड़गवां जिला एम0सी0बी0 छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पैनारी पहन0 02 स्थित भूमि ख0नं0 871 रकबा 1.14 हे0 भूमि अनावेदक कालिका प्रसाद आ0 सुमेर सिंह जाति गोड़ निवासी पैनारी तहसील खड़गंवा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त भूमि को आवेदक अपने पूर्वजों को समय से काबिज कास्त होकर निरंतर कृषि कार्य करते चले आ रहा है। उक्त भूमि पर अनावेदक कालिका प्रसाद आ0 सुमेर सिंह द्वारा कभी भी कब्जा नहीं रहने से उक्त वाद भूमि का पट्टा निरस्ती कर अपने नाम पर दर्ज करने की मांग किया है।

अतएवं इस संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या अभिकर्ता को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे नियत तिथि 13/01/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात किसी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मोहर के साथ जारी किया गया ।

(सील)
तहसीलदार
खड़गवां,जि0-एमसीबी

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) धौरपुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0

**ईश्तहार**

धौरपुर,दिनांक 03/02/2025

क्रमांक/10/खाद्य/आ0वि0अ0/2024 :: एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जरहाडीह के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी जो छ0ग0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत संचालन हेतु पात्र हैं, वे अपना आवेदन पत्र विहित प्रारूप में संपूर्ण विवरण एवं दस्तावेज तथा पंजीयन प्रमाण पत्र, प्रस्ताव, काहर्यवाही पंजी, बैंक पास बुक की सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र दिनांक 17/01/2025 तक कार्यालय अनुविभागी अधिकारी (रा0) धौरपुर में जमा कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी।

जी.नं.- 242505083/1

(नीरज कौशिक)
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0)धौरपुर

## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

**निविदा सूचना**

बलरामपुर, दिनांक 03/01/2025

क्रमांक/14/स्था0निर्वा0/प्रपत्र शाखा/2024-25 ::: बलरामपुर-रामानुजगंज जिले जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) बलरामपुर के लिये लेखन (स्टेशनरी) से संबंधित सामग्री कार्यालयीन उपयोग हेतु विभिन्न प्रकार के सामग्री क्रय किया जाना है। अतएवं इच्छुक लेखन (स्टेशनरी) सामग्री विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि निर्धारित सील बंद निविदा सूचना जारी होने के तिथि से दिनांक 09/01/2025 तक जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) बलरामपुर-रा0गंज के कक्ष में अपरान्ह 03:00 बजे तक जमा कर सकते है, तथा उसी दिन 04:00 बजे प्राप्त निविदायें निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा शर्ते तथा आवेदन पत्र दिनांक 09/01/2025 तक दोपहर 02:30 बजे तक रूपये 5000/- (पांच हजार रूपये) निविदा शुल्क जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) में नगद जमा कर रसीद प्राप्त किये जा सक्ते हैं। निविदा की शर्ते जिले के वेबसाईट https://balrampur.nic.in पर देखी जा सकती है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी.नं.- 242505097/2

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज

# नए जिलाध्यक्ष के बनने से ज्यादा खुशी भाजपायों को तत्कालीन जिलाध्यक्ष के हटने की हुई...

## छात्र राजनीति से भाजपा जिलाध्यक्ष तक का सफर

48 वर्षीय देवेन्द्र तिवारी को इस बार कोरिया जिले का भाजपा अध्यक्ष बनाया गया है,इस दौड़ में 3 लोग प्रमुखता से लगे थे। देवेन्द्र तिवारी ने छात्र राजनीति से अपने कैरियर की शुरूआत की थी,स्कूल में छात्र परिषद के अध्यक्ष के तौर पर काम किया उसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पाठशाला उन्होने ज्वाईन की 1994 से 198 तक उन्होने छात्र संगठन में काम किया। पढाई पूरी कर उन्होने शासकीय शिक्षक के रूप में काम करना प्रारंभ किया लगभग 10 वर्षो तक सोनहत क्षेत्र में अध्यापन कार्य किया लेकिन शुरू से ही नेतृत्व क्षमता के धनी होने के कारण उन्हे यह पेशा ठीक नही लगा तो जनसेवा की भावना से उन्होने 10 वर्ष तक नौकरी करने के बाद वर्ष 2010 में नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और फिर भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हो गए। भारतीय जनता युवा मोर्चा में श्री तिवारी को पहले जिला उपाध्यक्ष और बाद में जिला महामंत्री बनाया गया इस दौरान अविभाजित कोरिया जिले में युवाओं पर उन्होने एक अमिट छाप छोड़ी और अच्छे लोकप्रिय हुए। उनकी लोकप्रियता का ग्राफ धीरे धीरे बढता ही गयां। वर्ष 2015 के पंचायत चुनाव में उन्होने सोनहत क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ा और विरोधियों को मात देकर उन्होने जीत हासिल की,इस चुनाव मे 14 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें से 12 प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। श्री तिवारी के नेतृत्व में सोनहत जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव भी निर्विरोध जीता गया। 2013 विधानसभा चुनाव और 2014 लोकसभा चुनाव में उन्होने भरतपुर सोनहत विधानसभा में पार्टी के निर्देशानुसार काम किया और प्रत्याशियों को जोरदार बढत दिलाया। 2016 में श्री तिवारी को भाजपा का जिला महामंत्री बनाया गया। पार्टी में सक्रियता को देखते हुए उन्हे 2020 में भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2022 में प्रदेश संगठन ने रामानुजगंज विधानसभा का प्रभारी बनाया जहां उन्होने शक्ति केन्द्रों तक पहुंचकर संगठन मजबूती का काम किया। वर्ष 2023 में भरतपुर सोनहत विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया,प्रदेश में यह सीट भाजपा के लिए काफी कठिन मानी जाती थी लेकिन अपनी मेहनत के बलबूते उन्होने प्रत्याशी रेणुका सिंह को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। श्री तिवारी के बढते कदम का सिलसिला यही नही रूका उनकी क्षमता को देखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा अंतर्गत नक्सल प्रभावित जिला मोहला मानपुर में काम करने हेतु भेजा गया यहां एक माह से अधिक समय तक उन्होने जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव में ही उन्हे कोरबा लोकसभा अंतर्गत भरतपुर सोनहत एवं बैकुंठपुर विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई यहां भी उन्होनें विपरित परिस्थितियों मे मजबूती से काम किया। इस बीच संगठन ने उनकी पहचान एक सच्चे सिपाही के तौर पर की और फिर उन्हे लोकसभा चुनाव में झारखंड के गिरीडीह में प्रवासी प्रभारी के तौर पर काम करने के लिए भेजा गया।

- कभी छात्र हित में स्कूल बंद कराने वाले देवेन्द्र तिवारी बने कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष
- संगठन ने ईमानदारी से काम करने का दिया ईनाम
- दैनिक घटती-घटना अखबार ने पहले जताई थी संभावना,लग ही गई अंतिम मुहर
- भाजपा जिला कार्यालय में चुनाव प्रभारी विधायक प्रबोध मिंज ने की घोषणा
- सबको साथ लेकर करूंगा संगठन मजबूती का काम:देवेन्द्र तिवारी




## पूर्व कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष की बनावटी मुस्कान सिर्फ देखी गई

-जिला प्रतिनिधि-
कोरिया,06 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रदेश में भाजपा के जिलाध्यक्ष बदले जा रहे हैं उसी क्रम में कोरिया के भी जिलाध्यक्ष बदल गए, जिसे लेकर लंबे समय से इंतजार चल रहा था जैसे ही जिलाध्यक्ष के बदलने की घोषणा हुई,उसमें एक चीज देखने को मिला जिलाध्यक्ष कौन बना इस पर उत्साह कम था,पर वर्तमान जिलाध्यक्ष के हटने को लेकर उत्साह भाजपायों में ज्यादा था, वैसे देवेंद्र तिवारी के सामने जिलाध्यक्ष बनने से पहले कई अड़चन थी, उसे अड़चनों के बीच देवेंद्र तिवारी की उम्मीद कम ही लग रही थी पर अचानक जब कार्यालय में घोषणा हुई तो सभी को यकीन नहीं हुआ पर इस बात का अंदाजा पहले से लगाया जा रहा था की देवेंद्र तिवारी ही जिलाध्यक्ष बनेंगे, दैनिक घटती-घटना ने भी पहले ही इसके संकेत दे दिए थे की देवेंद्र तिवारी ही कोरिया जिले के अगले भाजपा जिलाध्यक्ष होंगे और हुआ भी ऐसा ही, एक बार फिर दैनिक घटती-घटना की खबर पर मोहर लगी। देवेंद्र तिवारी के जिलाध्यक्ष बनते ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया, विधायक से लेकर मंत्री तक सोशल मीडिया पर बधाई देते देखे गए। देवेंद्र तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने पर यदि सबसे अधिक कोई पीड़ित दिखा तो वह पूर्व जिलाध्यक्ष की ही पीड़ा देखने को मिली, उनका मुंह पूरी तरीके से उतर रहा ऐसा लगा कि वह अपने बनाए जाल में खुद ही फंस गए।





## भाजपा में कृष्णबिहारी युग की समाप्ति

भाजपा में नए जिलाध्यक्ष के रूप में देवेन्द्र तिवारी को कमान सौंपे जाने के बाद अब कृष्णबिहारी जायसवाल के युग की समाप्ति हो गई। भाजपा कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ता इस बात से भी खासे उत्साहित थे। कुछ कार्यकर्ताओ ने नए जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी का इजहार व्यक्त किया तो अभी तक उपेक्षित रहे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हटने को लेकर खुशी का ईजहार किया और जष्न मनाया। ज्ञात हो कि अपने कार्यकाल में कृष्णबिहारी जायसवाल की पहचान एक विवादित नेता के रूप में थी उनके व्यवहार से पदाधिकारी और कार्यकर्ता असंतुष्ट थे।


घटती घटना | अम्बिकापुर, रविवार 05 जनवरी 2025 | 6
कोरिया जिले में कल हो सकती है भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा


घटती घटना | अम्बिकापुर, सोमवार 30 दिसम्बर 2024 | 5
भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल का अंतिम समय को लेकर उत्साहित हैं भाजपाई ?


क्या कोरिया के नए भाजपा जिलाध्यक्ष हो सकते हैं देवेंद्र तिवारी...
संगठन की पहली पसंद में है नाम शुमार ?

## कभी छात्र हित में स्कूल बंद कराने वाले देवेन्द्र तिवारी बने कोरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष

एक समय था जब सोनहत क्षेत्र में छात्र राजनीति करते हुए एक स्कूली छात्र असमाजिक तत्वों के खिलाफ आवाज बुलंद करता है,स्कूलों में असमाजिक तत्वों की आवाजाही बंद हो इसके लिए उसके एक आह्वान में स्कूल बंद हो जाती है,तब कोरिया जिला सरगुजा जिले का हिस्सा हुआ करता था। समय बीतता गया,इस छात्र नेता ने तब से लेकर आज तक संघर्ष किया,अनेक स्थानों पर प्रथम क्रम में नेतृत्व का मौका मिला, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति का पहाड़ा सीखा, कुछ वर्ष तक शिक्षक की नौकरी भी की लेकिन उसे छोड़कर राजनीति के मैदान में उतरा और आज वह इतनी ऊंचाई पर पहुंच गया कि ईमानदारी पूर्वक काम करने के फलस्वरूप उसे कोरिया जिले के भाजपा की कमान सौंप दी गई, काफी कम समय में जिले की कमान मिलना एक साधारण कार्यकर्ता के लिए कोई छोटी बात नही। यहां बात की जा रही है कोरिया के नवनिर्वाचित जिला भाजपा अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की जिन्होने अपने 14 वर्ष के राजनैतिक जीवन में ही इस मुकाम को हासिल कर लिया है। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठन महापर्व की बैठक में चुनाव प्रभारी विधायक प्रबोध मिंज ने मोबाईल पर प्राप्त संगठन के निर्णय को सभी के समक्ष पढकर देवेन्द्र तिवारी के नाम की घोषणा की जिसके बाद कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने खुषी का इजहार करते हुए जमकर नारेबाजी की,देवेन्द्र तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि घटती घटना अखबार ने अपने पिछले अंक में प्रकाशित खबर मे देवेन्द्र तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाये जाने की संभावना व्यक्त की थी, और अंततः उन्ही के नाम पर संगठन ने मुहर लगाई है जिससे कि अखबार की विष्वसनीयता एक बार फिर उजागर हुई।

### प्रारंभ से ही मेधावी रहे हैं देवेन्द्र

छात्र राजनीति से चलकर भाजपा जिलाध्यक्ष का दायित्व पाने वाले देवेन्द्र तिवारी प्रारंभ से ही मेघावी रहे हैं उन्होने 12वीं की परीक्षा में उस दौरान सरगुजा जिले में टॉप किया था जिसके फलस्वरूप भोपाल में तात्कालिन शिक्षा मंत्री मुकेश नायक के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ था।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी नाता रखते हैं देवेन्द्र

भाजपा कोरिया के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी नाता रखते हैं वे और उनका परिवार संघ की पृष्ठभूमि से नाता रखता है, एक स्वयंसेवक के रूप में भी उन्होने कार्य किया है,संघ परिवार से भी उनकी खासी नजदीकी है।

### संगठन के करीबी होने का मिला लाभ

श्री तिवारी ने अपने राजनैतिक जीवन में संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी का निर्वहन बेहतर ढंग से ईमानदारी पूर्वक किया,वे संगठन के सच्चे सिपाही भी माने जाते हैं। बीते वर्ष में संगठन के वे करीब देखे गए जिसका लाभ उन्हे मिला है।

### प्रदेश प्रभारी से लेकर क्षेत्रीय और प्रदेश संगठन मंत्री की पंसद

देवेन्द्र तिवारी में अद्भुत संगठन क्षमता है वे नेतृत्व के भी धनी माने जाते हैं। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से लेकर क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के भी वे काफी करीबी हैं। जमीनी स्तर पर मेहनत और ईमानदारी पूर्वक संगठन का काम करने के कारण संगठन नेताओं के पहली पसंद देवेन्द्र तिवारी ही थे जिससे कि उन्हे भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने का मौका मिला।

### सरोज और रेणुका का मिला समर्थन

श्री तिवारी को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय और पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह का भी समर्थन मिला है ऐसा माना जा रहा है। दोनो ही नेताओं के लिए श्री तिवारी ने मेहनत से काम किया है। जिलाध्यक्ष बनने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है।

### संगठन कार्य ईमानदारी से करने का मिला ईनाम

देखने में मिला कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने अपने 14 वर्ष के राजनैतिक जीवन में संगठन द्वारा दिए गए जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक किया कभी भी संगठन लाईन से बाहर जाकर उन्होने कोई काम नही किया। भाजपा में संगठन महत्वपूर्ण है संगठन के सिपाही को स्थान के साथ साथ काम करने का मौका दिया जाता है संगठन कार्य की बदौलत श्री तिवारी को यह अवसर प्राप्त हुआ।

### बड़े भाई ने छोड़ी राजनीति, छोटे ने छोड़ी नौकरी

जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के बड़े भाई महेन्द्र तिवारी वर्तमान में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर के रूप में बिलासपुर में कार्यरत हैं वे पूर्व में भाजपा के सोनहत मंडल अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन बाद में उन्होने पीएससी की परीक्षा पास की और राजनीति छोड़कर शासकीय सेवक बने। उस दौरान देवेन्द्र तिवारी एक शिक्षक हुआ करते थे बड़े भाई के शासकीय सेवा में आने के बाद उन्होने शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और रास्ता ही बदल लिया।

### युवाओं के बीच खासे चर्चित हैं देवेन्द्र

कोरिया के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने भारतीय जनता युवा मोर्चा से अपना काम शुरू किया था, युवाओं के बीच उनकी अच्छी पैठ थी,युवा मोर्चा में बतौर जिला महामंत्री उन्होने बेहतर काम किया था वे आज भी युवाओं में खासे चर्चित माने जाते हैं।

### सोनहत समेत बैकुंठपुर विधानसभा में बनी है सक्रियता

श्री तिवारी सोनहत क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य बने थे,उन्होने इस क्षेत्र में अच्छा काम किया था वनांचल क्षेत्र में उनकी खासी लोकप्रियता थी। जिला पंचायत सदस्य का कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्होने बैकुंठपुर क्षेत्र में अपना काम शुरू किया संगठन के माध्यम से कार्यकर्ताओं समेत आम जन से मधुर संबंध स्थापित किया और सोनहत के अलावा बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में भी उनकी काफी लोकप्रियता बन गई है ।

### नाम की घोषणा होते ही जमकर नारेबाजी

भाजपा के संगठन महापर्व के तहत जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चुनाव प्रभारी विधायक प्रबोध मिंज विधायक रेणुका सिंह समेत भाजपा के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। मंचीय उद्बोधन के बाद चुनाव प्रभारी विधायक प्रबोध मिंज ने मेल से प्राप्त संदेश को सुनाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में देवेन्द्र तिवारी के नाम की घोषणा की। इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में जमकर नारेबाजी शुरू हो गई कार्यकर्ताओं ने देवेन्द्र तिवारी जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए पदाधिकारियों समेत नेता व कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष बनने पर श्री तिवारी को फूल मालाओं से लाद दिया लगभग 2 घंटे तक स्वागत का कार्यक्रम अनवरत चलता रहा।

### कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर,ढोल नगाड़े और आतिशबाजी से गुंज उठा भाजपा कार्यालय


भाजपा कार्यालय में लगभग 2 बजे देवेन्द्र तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की गई जिसके बाद कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ पड़ी भाजपा कार्यालय में ऐसे भी भाजपाई देखे गए जो विगत पांच वर्ष से कार्यालय की ओर झांकते नही थे। श्री तिवारी के नाम की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए ढोल नगाड़े बजवाये और भव्य आतिशबाजी तथा नारेबाजी कर संगठन के निर्णय का स्वागत किया। भाजपा जिला कार्यालय में काफी देर तक उत्साह का वातावरण बना रहा।

### सभी को साथ लेकर करेंगे संगठन मजबूती का काम:देवेन्द्र तिवारी

भाजपा का जिलाध्यक्ष बनाये जाने के बाद देवेन्द्र तिवारी ने कार्यालय में पत्रकारो से चर्चा की और इस अवसर के लिए नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जिस उम्मीद और विश्वास से यह जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसे मैं ईमानदारी पूर्वक पूरा करूंगा,बूथ स्तर तक पहुंच बनाकर केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार की बात उन्होने कही। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विशाल परिवार की तरह है यहां कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है,संगठन सर्वोपरी है और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ, सभी को साथ लेकर कोरिया जिले में संगठन मजबूती का काम करेंगे। आने वाले समय में कोरिया जिले में संगठन का नया स्वरूप सामने आने का दावा उन्होने किया।

### संगठन महापर्व से विधायक भैयालाल ने बनाई दूरी

भाजपा द्वारा देष भर में संगठन महापर्व चलाया जा रहा है जिसके तहत संगठन के चुनाव संपन्न हो रहे हैं। अलग-अलग नेता अपने अनुसार पदाधिकारियों का चयन कराना चाहते हैं इसी के तहत विधायक भैयालाल राजवाड़े अपने पूर्व प्रतिनिधी रेवा यादव को जिलाध्यक्ष बनवाना चाह रहे थे अंतिम समय पर भी वे इसके लिए डटे रहे। जब उन्हे इस बात का आभास हो गया कि देवेन्द्र तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है तो उन्हे संगठन महापर्व से ही दूरी बना ली और पूर्व सूचना के बावजूद चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिला भाजपा कार्यालय से वे नदारद थें इस बात की चर्चा भी जिला भाजपा कार्यालय में लगातार होती रही। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सबकी अपनी अपनी पसंद होती है यह संगठन का निर्णय होता है संगठन द्वारा जो भी जिम्मेदारी जिसे दी जाती है उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए लेकिन कार्यक्रम से जानबूझकर दूरी बनाकर विधायक ने संगठन के निर्णय का एक प्रकार से बहिष्कार किया जो कि उचित नही है।



## जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज से होंगे बाहर

**नईदिल्ली,06 जनवरी 2025।** हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की मेजबानी करनी है।इस बीच खबर है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इन दोनों सीरीज से बाहर हो सकते हैं। उन्हें आराम दिया जा सकता है। भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी भी नहीं कर सके थे।रिपोर्ट के मुताबिक, बुमराह की पीठ की चोट की गंभीरता का अभी पता नहीं चल पाया है।अगर बुमराह की चोट ग्रेड-1 श्रेणी की है, तो कम से कम 2 से 3 सप्ताह का रिहैब करना होगा।

# 18 साल बाद वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम ने पाकिस्तान में रखा कदम




**इस्लामाबाद,06 जनवरी 2025।** पाकिस्तान की टीम इस वक्त साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। जहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ वह दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इसी बीच एक टीम पाकिस्तान पहुंच गई है। इस टीम ने काफी लंबे समय के बाद पाकिस्तान में कदम रखा है। यह टीम कोई और नहीं बल्कि वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम है। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम 18 साल बाद पाकिस्तान में अपनी पहली टेस्ट सीरीज के लिए सोमवार को इस्लामाबाद पहुंची। इससे पहले, वेस्टइंडीज ने 2006 में पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज के लिए दौरा किया था, लेकिन उसके बाद से उन्होंने दो बार पाकिस्तान का दौरा किया, लेकिन दोनों ही बार डब्ल्यूटीसी और टी 20 सीरीज खेली गई है। यह दौरा वेस्टइंडीज के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनकी पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट में वापसी को दर्शाता है।

### 10 जनवरी से खेला जाएगा पहला मैच

वेस्टइंडीज टीम इस बार पाकिस्तान शाहीन्स (पाकिस्तान की ए टीम) के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी, जो 10 जनवरी से इस्लामाबाद में शुरू होगा। इसके बाद, 17 जनवरी से मुल्तान में इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस सीरीज का दूसरा टेस्ट 25 जनवरी से मुल्तान में ही होगा।

### आखिरी स्थान से बचना चाहेगी दोनों टीम

यह टेस्ट सीरीज डब्ल्यूटीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र का हिस्सा है, लेकिन इस मुकाबले से फाइनल की तस्वीरों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों ही टीमें डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में निचले स्थान पर हैं। यह सीरीज उनके लिए अंतिम मौका होगी, जिससे वे अपनी स्थिति को सुधार सकते हैं। इस साल डब्ल्यूटीसी 2023-25 के चक्र का समापन होने वाला है, इसलिए यह दोनों टीमों के लिए अंक हासिल करने का आखिरी अवसर होगा। यह श्रृंखला दोनों देशों के क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, और वेस्टइंडीज के लिए पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट के लिए वापसी का संकेत है। दोनों टीमों के बीच मुकाबला खास होगा, क्योंकि वे अपने खेल को सुधारने और आगामी डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए जरूरी अंक जुटाने के लिए तैयार हैं।

### वेस्टइंडीज का स्क्वॉयडः-

क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाजे, कीसी कार्टी, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, आमिर जंगू, मिकाइल लुईस, गुडाकेश मोटी, एंडरसन फिलिप, केमार रोच, जेडन सील्स, केविन सिंक्लेयर और जोमेल वारिकन।

# कड़ाकेदार होगी भारत बनाम इंग्लैंड टी 20 सीरीज




**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का आगाज इसी महीने से होगा। पहले पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी, उसके बाद वनडे मैच होंगे। इस बीच इंग्लैंड ने तो अपने स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया है, लेकिन भारतीय टीम की घोषणा होनी बाकी है। उम्मीद है कि जल्द ही टीम सामने आ जाएगी। पहले टी20 सीरीज है, इसलिए अभी इसी की बात की जाए तो बेहतर होगा। चलिए आपको बताते हैं कि भारत और इंग्लैंड के बीच अभी तक कितने टी 20 मुकाबले हुए हैं, उसमें कौन सी टीम भारी रही है। आंकड़े कुछ ऐसे हैं, जिन्हें देखकर आप भी कहेंगे कि आने वाली सीरीज भी काफी कड़ाकेदार रहने वाली है।

### भारत और इंग्लैंड ने अब तक खेले हैं 24 टी 20 इंटरनेशनल मुकाबले

भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 24 टी20 इंटरनेशनल मैच हो चुके हैं। इसमें से 13 मुकाबले तो टीम इंडिया ने अपने नाम किए हैं, वहीं इंग्लैंड ने 11 मैच जीतने में कामयाबी हासिल की है। टीम इंडिया ने अपने घर पर 6 बार इंग्लैंड को हराया है, वहीं चार मुकाबलों में विरोधी टीम के घर पर जीत दर्ज की है। तीन बार भारत ने न्यूट्रल वेन्यू पर इंग्लैंड को मात दी है।

### इंग्लैंड की टीम भी ज्यादा पीछे नहीं

बात अगर इंग्लैंड की करें तो 11 जीते हुए मैचों में इंग्लैंड ने अपने घर पर 5 मैच जीते हैं, वहीं 5 मैच विरोधी टीम के घर पर जीते हैं। एक मैच न्यूट्रल वेन्यू पर इंग्लैंड की टीम जीती है। यानी अगर गौर से देखें तो अंतर बहुत ज्यादा नहीं है। कुछ ही मैचों का अंतर है, जो कभी भी पाट दिया जाएगा। इस सीरीज में 5 मुकाबले खेले जाएंगे, जो इस अंतर को काफी हद तक बदलने की क्षमता रखते हैं।

### काफी वक्त बाद आमने सामने होंगी दोनों टीमें

भारत और इंग्लैंड की टीमें लंबे अर्से बाद एक दूसरे से टी20 सीरीज खेल रही हैं। इससे पहले तीन टी20 मैचों की सीरीज 2022 में खेली गई थी। हालांकि इसके बाद भी टी20 मैच तो खेले गए हैं। इस बीच अभी टी20 का कोई बड़ा टूर्नामेंट तो नहीं है, लेकिन फिर भी ये सीरीज काफी अहम होने वाली है। दोनों टीमें अपने अपने नए और युवा खिलाड़ियों को मौका देकर ये देखना चाहती हैं कि वे किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।




## राशिद खान ने रचा इतिहास

### पहली बार टेस्ट क्रिकेट में किया ये कारनामा

**इस्लामाबाद,06 जनवरी 2025।** राशिद खान कमाल के गेंदबाज हैं। हालांकि उन्हें टेस्ट का गेंदबाज नहीं माना जाता है। इस बीच राशिद खान ने टेस्ट क्रिकेट में ही नया कारनामा कर दिखाया है, जो आसान तो कतई नहीं होता। राशिद खान ने अब जो काम किया है, वो अफगानिस्तान के लिए तो इससे पहले किसी ने नहीं ही किया था, दुनिया में भी बहुत कम गेंदबाज कर पाए हैं। उनकी गेंदबाजी इतनी घातक थी कि अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को आसानी से हरा दिया।

### डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्तान मुकाबला

अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया टेस्ट मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा तो नहीं है, लेकिन इसके बाद भी इस मैच को लेकर काफी रोमांच देखने के लिए मिला। इसी मैच की आखिरी पारी में राशिद खान ने 7 विकेट अपने नाम किए। हालांकि इससे पहले भी राशिद करीब तीन साल पहले ये कमाल कर चुके हैं। लेकिन इस बार उन्होंने रन काफी कम दिए हैं। इससे पहले साल 2021 में आबुधाबी में जब अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मुकाबला खेला गया था, तब राशिद खान ने 137 रन देकर पारी में सात विकेट हासिल किए थे। इस बार भी राशिद ने सात विकेट चटकाए हैं, लेकिन केवल 66 रन खर्च करके ही ये कारनामा कर दिखाया है। अफगानिस्तान की ओर से इससे पहले भी टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड था, अब भी उन्हीं के नाम है, लेकिन अब उन्होंने इसे और भी बेहतर कर दिखाया है।

### पहली पारी में पिछड़ कर भी अफगानिस्तान ने जीता मुकाबला

इस बीच अगर मैच की बात करें तो अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रन ही बनाए थे। इसके बाद जिम्बाब्वे ने 243 रन बना लिए और पहली पारी के आधार पर लीड ले ली। लेकिन करिश्मा दूसरी पारी में हुआ, जब अफगानिस्तान ने 363 रन बना दिए। इसके बाद जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में केवल 205 रन पर ही सिमट गई और अफगानिस्तान ने 72 रन से आसानी से मैच अपने नाम कर लिया।

## 3आयरलैंड के खिलाफ महिला वनडे सीरीज से हरमनप्रीत को आराम

**मुंबइ,06 जनवरी 2025।** भारत ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की महिला एकदिवसीय श्रृंखला के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को आराम दिया है, जो 10 जनवरी से राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में



शुरू होगी।हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना भारत की कप्तान होंगी, जबकि सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। स्मृति ने बल्ले से 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया - 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 736 रन बनाए और 13 वनडे में 747 रन बनाए।10 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज, जिसके बाद 12 और 15 जनवरी को मैच खेले जाएंगे, इस साल भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय मैच है। 2006 के बाद पहली बार भारत आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय महिला वनडे सीरीज खेलेगा। हरमनप्रीत और रेणुका को आराम दिए जाने की वजह से भारत ने बल्लेबाज राघवी बिष्ट को टीम में शामिल किया है,

## रोहित शर्मा और विराट कोहली क्या इंग्लैंड के खिलाफ खेलेंगे सीरीज

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2025।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के समापन के बाद अब टीम इंडिया का अगला मिशन इंग्लैंड सीरीज है। भारतीय टीम करीब 10 साल बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी गवां चुकी है और अब जल्द ही पूरी टीम वापस घर लौट आएगी। इसी महीने के आखिर में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज और इसके बाद तीन वनडे मुकाबले खेलती हुई नजर आएगी। इसके लिए अभी तक भारतीय टीम का ऐलान नहीं किया गया है। इस बीच सबसे बड़ा सवाल ये उभरकर सामने आ रहा है कि क्या इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलते हुए नजर आएंगे। इसको लेकर अब कुछ अपडेट सामने आ रहे हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेल सकते हैं रोहित शर्मा और विराट कोहली

रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल से तो रिटायर हो चुके हैं, लेकिन वनडे खेल रहे हैं। ऐसे में टी20 सीरीज को लेकर तो कोई सवाल है ही नहीं, लेकिन एक दिवसीय मैचों में वे खेलते हुए नजर आएंगे कि नहीं, इसको लेकर सस्पेंस है। अब खबर आ रही है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे




सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ खेलते हुए दिखाई देंगे। इसका सबसे बड़ा कारण है चैंपियंस ट्रॉफी। भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद ही तुरंत चैंपियंस ट्रॉफी होनी है। चैंपियंस ट्रॉफी वनडे फॉर्मेट पर खेली जाएगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी तो खेलेंगे ही, लेकिन इससे पहले उन्हें एक दो मैच और चाहिए होंगे, ताकि वे अपनी तैयारी और फिटनेस को परख सकें। इसके लिए इंग्लैंड सीरीज काफी ज्यादा अहम होने वाली है।

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत के पास केवल तीन ही वनडे मुकाबले

भारतीय टीम ने पिछले साल यानी 2024 में केवल तीन ही वनडे मुकाबले खेले थे। जिसमें भी उसे हार का ही सामना करना पड़ा था। पूरे साल टीम के खाते में केवल तीन ही वनडे आए और उसके बाद अब फिर से वनडे टीम खेलेगी। यानी भारतीय टीम की तैयारी 50 ओवर के मुकाबले में पूरी नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 जनवरी तक सभी को अपने अपने स्क्वाड का भी ऐलान करना है। माना जा रहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए करीब करीब एक ही स्क्वाड होगा। एक या दो बदलाव हो सकते हैं। यानी आने वाले कुछ दिन काफी अहम होंगे। जो भारतीय क्रिकेट की दशा और दिशा तय करते हुए दिखाई देंगे।

### रोहित और कोहली अब केवल वनडे ही खेलेंगे


टीम इंडिया अब जल्द ही कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेलेगी, ऐसे में रोहित शर्मा और विराट कोहली के पास खेलने के लिए केवल एक ही फॉर्मेट होगा। ऐसे में उनके पास ज्यादा वर्कलोड भी नहीं होगा। साथ ही रोहित शर्मा वनडे टीम के कप्तान भी हैं। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम भी तैयार करनी है। क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला भले ही बांग्लादेश के खिलाफ हो, जिसे हल्का माना जा सकता है, लेकिन इसके बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ बड़े मुकाबले हैं, जो काफी तगड़े साबित होंगे। देखना होगा कि बीसीसीआई आगे के प्लान को लेकर क्या कुछ सोच रहा है।

# तेरा बाप हिंदुस्तान,अक्षय कुमार की स्काई फोर्स का धांसू ट्रेलर आउट

साल 2025 आ गया है और स्काई फोर्स पहले महीने की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान की लीड रोल वाली फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। देशभक्ति से भरपूर फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है ऐतिहासिक भारत की पहली एयर स्ट्राइक पर बनी फिल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार और वीर पहारिया लीड रोल में हैं। ट्रेलर में भारत के पहले और सबसे खतरनाक हवाई हमले पर आधारित एक मनोरंजक




कहानी पेश की गई है, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ हमला करने की तैयारी कर रहे भारतीय वायु सेना के संघर्ष को दिखाया गया है। दमदार डायलॉग और देशभक्ति से भरपूर म्यूजिक के साथ सैनिकों की बहादुरी और देशभक्ति को उजागर करने वाली कहानी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म में सारा अली खान वीर की ऑन-स्क्रीन वाइफ का रोल प्ले कर रही हैं जो कहानी में इमोशनल अटेचमेंट जोड़ती है। वहीं वीर पहारिया इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं.नेटिजन्स को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है और सब ट्रेलर पर अपना रिस्पॉन्स दे रहे हैं। एक ने लिखा, जब अक्षय सर ने कहा कि दूसरा गाल नेता दिखाते हैं हम फौजी नहीं, मेरे रोंगटे खड़े हो गए। एक ने लिखा, अक्षय सर बैक टू सिनेमा। एक ने कमेंट किया, वाह क्या ट्रेलर है 50 करोड़ लोड हो रहा है। एक ने लिखा, एनजीएल तनिष्क बागची का म्यूजिक कमाल का है। स्काई फोर्स एक अनकही सच्ची कहानी है जो पाकिस्तान के खिलाफ भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले में शामिल सभी जवानों की बहादुरी, भावना और देशभक्ति को दर्शाती है। अक्षय कुमार ने ट्रेलर रिलीज करते हुए कैप्शन लिखा, इस गणतंत्र दिवस पर एक वीर बलिदान की अनकही कहानी देखें,भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की कहानी. मिशन स्काईफोर्स सिनेमाघरों में 24 जनवरी 2025 को.संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित, स्काई फोर्स का निर्माण दिनेश विजन, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है. यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है, जो गणतंत्र दिवस वीकेंड पर आएगी।




## इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने पर चाहत खन्ना ने दी प्रतिक्रिया,कहा-यह चौंकाने वाला था

टेलीविजन अभिनेत्री चाहत खन्ना ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के हैक होने के बारे में बात की। बड़े अच्छे लगते हैं में काम कर मशहूर हुई अभिनेत्री ने बताया कि अकाउंट हैक होना और फॉलोअर्स का तेजी से घटना उनके लिए काफी चौंकाने वाला रहा।काफी प्रयास और सुरक्षा प्रोटोकॉल की मदद से खन्ना का अकाउंट रिकवर हो चुका है। हालांकि,हैक के बाद लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स उन्हें अनफॉलो कर चुके हैं।अभिनेत्री ने कहा, यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था। सब कुछ ठीक रखने और जांच करने के बावजूद, हैकर्स किसी तरह मेरे अकाउंट तक पहुंच गए। मेटा टीम ने जल्द से जल्द मेरा अकाउंट रिकवर करने में मदद की। हालांकि, मुझे इस सब के बीच लगभग 2.5 मिलियन फॉलोअर्स की गिरावट दिखी और यह काफी अजीब रहा। हैकिंग तुर्की में होने का संदेह है। चाहत खन्ना के इंस्टाग्राम पर 3.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।अभिनेत्री ने मेटा टीम को धन्यवाद देते हुए आगे लिखा, जल्द से जल्द मेरे अकाउंट तक पहुंच वापस पाने में मेरी मदद करने के लिए मेटा की टीम का शुक्रिया। उम्मीद है कि अब सब ठीक रहेगा।

# आला रे देवा आला रे,शाहिद कपूर की देवा का खौफनाक टीजर रिलीज

शाहिद कपूर अपनी आने वाली फिल्म देवा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म के लिए पहले से ही काफी एक्साइटमेंट है, वहीं अब मेकर्स ने एक्शन-एंटरटेनर का टीजर रिलीज करके दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है। 5 जनवरी को मेकर्स ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म का टीजर रिलीज किया. 052 मिनट का टीजर हमें अलग ही सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देता है। हम शाहिद कपूर को एक पुलिस अधिकारी के रूप में हार्ड-कोर एक्शन करते हुए देख सकते हैं, जबकि पूजा हेगड़े अपनी मौजूदगी से इसमें मसाला डालने का काम करती हैं।अपकमिंग एक्शन थ्रिलर देवा से शाहिद कपूर बड़े पर्दे पर कमबैक करने जा रहे हैं वो भी खाकी वर्दी में। दिलचस्प बात यह है कि टीजर में कोई डायलॉग नहीं है लेकिन कहानी कहने के लिए सिर्फ शाहिद




के एक्सप्रेशन ही काफी हैं। शाहिद का ट्रेडमार्क स्वैग और एक्शन और डांस सीक्वेंस में उनके मूव्स दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। 52 सेकंड का टीजर, हाई-ऑक्टेन एक्शन, मदहोश कर देने वाले डांस मूव्स और एक एंटरटेनिंग कहानी से भरी फिल्म का दावा करता हैं। प्रोमो की शुरुआत शाहिद के डांस फ्लोर पर अपना जलवा दिखाने से होती है जहां मौजूद भीड़ उनका उत्साह बढ़ा रही है। उनके डांस मूव्स उनके कैरेक्टर के बारे में बहुत कुछ कह रहे हैं। व्हाईट शर्ट पहने, उन्होंने इसे वर्दी की पैंट, जूते और एक पिस्तौल के साथ पेयर किया. शाहिद एक निडर पुलिस वाले की भूमिका निभाते हैं। इस इंटेंस अवतार में एक्टर ने ऐसे बेहतरीन और अनफिल्टर्ड एक्शन सीक्वेंस दिए हैं जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने का वादा करते हैं। हाई-स्पीड चेज से लेकर एड्रेनालाईन-पंपिंग फाइट सीक्वेंस तक, शाहिद हर सीन में जान डालते हुए दिखते है।.

# बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में मारे गए 8 जवान

### » 10 जवान शहीद,बीजापुर से आई नक्सली हमले की भयानक तस्वीर

**बीजापुर,06 जनवरी 2025(ए)।** बीजापुर से दूर कुटरू मार्ग पर नक्सलियों ने विस्फोट कर सुरक्षाबलों की एक वाहन को उड़ा दिया है। इस घटना में 8 जवान शहीद हो गए। इनमें से एक ड्रायवर भी है। कुछ जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया जा रहा है। बस्तर आईजी ने विस्फोट की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीजापुर से दूर कुटरू थाना क्षेत्र के ग्राम अंबेली के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों के जवानों को उड़ा दिया। आईजी ने 8 जवान और एक ड्रायवर के शहीद होने की पुष्टि की है।
बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में 8 जवान हुए शहीद बीजापुर में नक्सलियों ने बड़ा वारदात को अंजाम दिया है। माओवादियों ने जवानों से भरे वाहन को उड़ा दिया है। बताया जा रहा है कि हमले में 8 से ज्यादा जवान शहीद हो गये है। हमला बीजापुर के कुटरू मार्ग में किया गया है। मौके पर अभी भी मुठभेड़ जारी है
जानकारी के मुताबिक, बीजापुर के कुटरू मार्ग में नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है। हमले में जवानों के वाहन को उड़ा दिया गया है। नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट कर हमले को अंजाम दिया है। हमले में 8 जवान शहीद हो गये है। कुछ जवानों के गंभीर होने की भी सूचना है। हालांकि अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि अभी भी मुठभेड़ जारी है। फिलहाल घटना की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## नक्सलियों ने बिछा रखा था 50 किलो का बारूद

### धमाके के बाद सड़क पर 10 फीट हुआ गड्ढा, जमीन से 40 फीट ऊपर पेड़ पर लटका वाहन का हिस्सा

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने आज बड़ी घटना को अंजाम दिया है. कुटरू-बेदरे मार्ग पर आईईडी ब्लास्ट कर डीआरजी के जवानों से भरे वाहन को उड़ा दिया, जिससे दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और ड्राइवर शहीद हो गए. विस्फोट इतना भयानक था कि शहीद जवानों के शव कई टुकड़ों में विभक्त हो गए, जबकि जवानों से भरी स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए और वाहन के पार्ट्स करीब 40 फीट ऊपर उछलकर पेड़ पर जा लटके. इससे समझा जा सकता है कि बड़े पैमाने पर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया.

## 10 डीआरजी जवानों की शहादत ज़ाया नहीं जाएगी : सीएम विष्णुदेव साय

जिले में नक्सलियों ने जवानों को लेकर जा रहे वाहन को ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इस हमले में दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान शहीद हो गए। एक ड्राइवर की भी मौत हुई है। बस्तर रेंज आईजी ने इसकी पुष्टि की है। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर से संयुक्त ऑपरेशन पार्टी ऑपरेशन कर वापस लौट रही थी। सोमवार को करीब सवा 2 बजे गांव अंबेली के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। वहीं अबूझमाड़ के जंगल में शनिवार देर रात मुठभेड़ में एक डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हुए थे। वहीं, जवानों ने एक महिला नक्सली समेत 5 माओवादियों को भी मार गिराया था।



### बीजापुर ब्लास्ट जगह पर पहुंचे डीआईजीऔर एसपी

बीजापुर में नक्सलियों ने एक बार फिर जवानों को निशाना बनाया है। नक्सलियों ने कुटरू मार्ग में जवानों की गाड़ी को निशाना बनाया है। इस नक्सल वारदात में 8 जवान शहीद हो गए हैं और 8 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आईजी बस्तर रेंज सुंदर राज पी. ने इस घटना की पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बेदरे के अम्बेली नाला के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है। इस नक्सल वारदात में 8 जवान शहीद हो गए हैं और 8 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। शहीद होने वाले और घायल होने वाले सभी जवान डीआरडी दंतेवाड़ा के हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव के बाद से छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के सफाए की कार्रवाई लगातार जारी है। पिछले एक साल में साय सरकार के कार्यकाल के दौरान 200 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया है।

### बीजापुर नक्सल हमले को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जताया गहरा दुःख



बीजापुर (छत्तीसगढ़) में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।

### बीजापुर में जवानों की शहादत पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने जताया शोक

कुटरू (बीजापुर) में नक्सलियों द्वारा किए कायरता पूर्ण आईईडी ब्लास्ट में हमारे 8 बहादुर जवानों एवं 1 वाहन चालक के शहीद होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई है। हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। ईश्वर दिवंगत जवानों को शांति एवं शोक संतृप्त परिजनों को संबल प्रदान करें। ॐ शांति।

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड का मास्टर माइंड सुरेश चंद्राकर हैदराबाद से गिरफ्तार



### पूछताछ जारी,पकड़ में आ चुके हैं चार आरोपी

**जगदलपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के मास्टर माइंड सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।हत्या के इस मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसआईटी ने फरार मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को देर रात हैदराबाद से हिरासत में लियाद्य सुरेश चंद्राकर से पूछताछ की कार्रवाई जारी है।

### 6 जादूगर गिरफ्तार,जादू-टोना करने छत्तीसगढ़ से गए थे उड़ीसा



**रायपुर/उड़ीसा,06 जनवरी 2025(ए)।** मलकानगिरी जिले में ओरकेल पुलिस सीमा के अंतर्गत चितापारी-4 गांव में धार्मिक समारोह की आड़ में जादू-टोना करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को छत्तीसगढ़ के छह लोगों को गिरफ्तार किया।

# महापौर पद के लिए आरक्षण प्रक्रिया आज

### चुनाव की तरीख को लेकर साव ने दिया बड़ा बयान

**रायपुर,06जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। महापौर पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी कल पूरी कर ली जाएगी। लेकिन इससे पहले आज से रायपुर नगर निगम में प्रशासक ने कार्यभार संभाल लिया है। हालांकि प्रशासक के कार्यभार संभालने से पहले सियासी गलियारों में पक्ष-विपक्ष के बीच बयानबाजी देखने को मिली थी। वहीं, अब रायपुर नगर निगम में प्रशासक के कार्यभार संभालने के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने



सोमवार को मीडिया से बात करते

हुए कहा कि रायपुर नगर निगम में आज से प्रशासन ने कार्यभार संभाल लिया है। नगर निगम अधिनियम में यह उल्लेखित है, निर्वाचित बॉडी का कार्यकाल 5 साल का होगा। महापौर का कार्यकाल पांच साल पूरा होने तक अगर चुनाव नहीं होते तो प्रशासक कुर्सी संभालेंगे। वहीं, निकाय चुनाव को लेकर उन्होंने बताया कि महापौर पद के लिए आरक्षण का काम कल पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद निर्वाचन आयोग की सूचना दे दी जाएगी। आरक्षण की सूची मिलते ही निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगी। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव जल्द ही होंगे।



## बीएसपी प्लांट के फर्नेस-5 में हुआ ब्लास्ट

### हॉट मेटल बहकर आया बाहर, मचा हड़कंप...

**दुर्ग,06 जनवरी 2025(ए)।** जिले के भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के ब्लास्ट फर्नेस-5 में हुए ब्लास्ट के बाद हॉट मेटल बाहर आ गया, जिससे क्षेत्र में जबरदस्त हड़कंप मच गया। यह घटना लगभग 2 बजे के आसपास ब्लास्ट फर्नेस के बॉटम एरिया में हुई, जहां करीब 12 से 15 फीट के क्षेत्र में फटने के बाद हॉट मेटल आसपास फैल गया। हालांकि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन उत्पादन प्रभावित हुआ है और कार्यस्थल पर स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।
घटना के तुरंत बाद, भिलाई स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जरूरी कदम उठाए। ब्लास्ट के साथ आग भी लग गई, जिससे हॉट मेटल फैल गया और उसे नियंत्रित करने के लिए बीएसपी की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। स्थिति को काबू में करने के प्रयास लगातार जारी हैं। हॉट मेटल के बाहर आने के कारण आसपास के क्षेत्र में आग की लपटें तेज हो गईं, लेकिन घटनास्थल पर कर्मचारियों की सतर्कता और अधिकारियों के प्रयासों के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है। भिलाई स्टील प्लांट के भीतर एक बार फिर सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जा रही है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## टीआई के साथ अन्य के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में दर्ज हो अपराध : हाईकोर्ट

**रायपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** कोरबा जिले से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां न्यायालय ने न्यायिक आदेश का उल्लंघन करने और अपने पद का दुरुपयोग करने के मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी बांकीमोगरा, प्रमोद डडसेना सहित एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा रूपल अग्रवाल ने परिवाद के इस मामले की सुनवाई के बाद आरोपी थाना प्रभारी और एक अन्य के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में अपराध दर्ज करने के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया जब थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना और किराएदार हेतराम साहू ने मिलकर न्यायालयीन आदेश की अवहेलना की और मकान मालिक रामलाल चौहान के दुकान में अवैध



रूप से प्रवेश कर उसे धमकाया। आरोप है कि दोनों ने चौहान को थाने में अवैध तरीके से ले जाकर लगभग 2 घंटे तक उसे परिरुद्ध (गिरफ्तार) रखा। इस घटना ने न केवल कानून की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि थाने के अधिकारियों पर भी सवाल खड़े किए। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस गंभीर मामले में कार्रवाई करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है। न्यायालय ने तत्कालीन थाना प्रभारी प्रमोद डडसेना पर धारा 166 (अधिकारियों की अवज्ञा), धारा 451 (अवैध प्रवेश), धारा 384 (जबरन वसूली), धारा 506 (धमकी देना) और धारा 34 (साझी मंशा) के तहत अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, हेतराम साहू के खिलाफ भी धारा 451, 384 और 34 के तहत कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

## समलैंगिक रूप से रहना चाहती थी युवतियां

**राजनांदगांव-रायपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र की आमगांव पहाड़ी पर मिले दो कंकालों की पहचान जागृति विश्वकर्मा और आरती विश्वकर्मा के रूप में हुई है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, दोनों युवतियां समलैंगिक विवाह करना चाहती थीं, लेकिन सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह संभव नहीं हो सका।



23 अक्टूबर से लापता दोनों युवतियों के कपड़ों से उनकी पहचान की गई। पुलिस के अनुसार, दोनों युवतियां पहले भी घर से भागकर एक रिश्तेदार के यहां चली गई थीं। लेकिन उन्हें समझा-बुझाकर घर वापस ले आया गया। इस घटना के बाद 23 अक्टूबर को वे फिर लापता हो गईं। मंगलवार को दुलारदाई डोंगरी जंगल में ग्रामीणों को पेड़ पर लटके दो कंकाल मिले, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। लंबे समय तक शव लटके रहने के कारण वे कंकाल में बदल गए थे। परिजनों और पुलिस का मानना है कि समलैंगिक विवाह न कर पाने की निराशा में दोनों ने एक साथ आत्महत्या कर ली। मामले की जांच जारी है, लेकिन इस घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

## दूसरे की जमीन को अपना बताकर बेचा



### 1 करोड़ 30 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में संपत्ति संबंधी अपराधों पर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से दूसरे की जमीन को अपना बताकर बिक्री इकरार नामा तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।



## अर्चना घोष हत्याकांड की गुत्थी महज 48 घंटों में सुलझाई

### चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे...

**जगदलपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** बस्तर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए करकापाल निवासी अर्चना घोष की हत्या के मामले को महज 48 घंटों में सुलझा लिया। 1 जनवरी 2025 को रात को अर्चना घोष की लाश उसके बेडरूम में पाई गई थी, जिससे यह मामला अंधे कत्ल जैसा प्रतीत हो रहा था। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जांच टीम ने मामले को गंभीरता से लिया और 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल नंबरों की जांच कर आरोपियों की पहचान की।
जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि मृतिका के घर में काम करने वाला ड्राइवर रोहित कश्यप ही इस हत्या का मास्टरमाइंड था। रोहित ने अपने तीन अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया था। घटना के दिन रोहित ने मृतिका के घर में घुसकर लूट की योजना बनाई थी। जैसे ही मृतिका ने विरोध किया, उसे बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने मृतिका के मोबाइल, जेवरात और नगदी लूट ली थी।पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों में रोहित कश्यप, जोसेफ कश्यप, नीलू बघेल और पप्पू बघेल शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटी गई संपत्ति बरामद की गई है, जिसमें सोने की कनौटी, चांदी के गहने, मृतिका का मोबाइल, दो मोटरसाइकिलें और 36,500 रुपये की नगदी शामिल हैं।

## डॉक्टर की सेवा समाप्ति का आदेश रद्द किया हाईकोर्ट ने

**बिलासपुर,06 जनवरी 2025(ए)।** हाईकोर्ट में जस्टिस ए.के. प्रसाद की एकलपीठ ने डीकेएस अस्पताल के डॉक्टर प्रवेश शुक्ला की सेवा समाप्ति के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि बिना विभागीय जांच और सुनवाई का अवसर दिए सेवा पर ऐसा धब्बा लगाने वाला (स्टिग्मा टाइज्ड) आदेश पारित करना अवैध है, चाहे डॉक्टर संविदा नियुक्ति पर ही क्यों नहीं हो।



### अनवर ढेबर के इलाज से जुड़ा है प्रकरण

यह विवाद 8 जून 2024 को तब शुरू हुआ जब शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर को रायपुर सेंट्रल जेल से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। अस्पताल में लोअर एंडोस्कोपी मशीन खराब होने के कारण डॉक्टर शुक्ला ने उन्हें एम्स रेफर कर दिया। राज्य सरकार ने इसे अनुशासनहीनता और सेवा में कमी मानते हुए डॉक्टर की सेवा समाप्त कर दी और गोलबाजार थाने में स्त्रढ्ढक्र दर्ज कराई।डॉ. शुक्ला ने अपनी याचिका में कहा कि वे सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं और चिकित्सा क्षेत्र में सेवा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ लौटे हैं। उन्होंने बताया कि लोअर जीआई एंडोस्कोपी (कोलोनोस्कोपी) के लिए आवश्यक उपकरण अस्पताल में उपलब्ध नहीं थे और यह जांच प्रक्रिया आमतौर पर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट द्वारा की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस क्षेत्र के विशेषज्ञ नहीं हैं और इसलिए उन्होंने मरीज को अन्य अस्पताल रेफर किया। याचिका में उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अनुशासनात्मक जांच समिति गठित करने की उनकी मांग को नजरअंदाज कर दिया गया और उनके खिलाफ बिना किसी उचित जांच के उन्हें कलंकित करने वाला आदेश जारी कर दिया गया।



## जल्द होगा निगम-मंडल व आयोगों में नियुक्तियां

**रायपुर,06 जनवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद जल्द ही आयोग, निगम, मंडल, बोर्ड में नियुक्तियों का आदेश जारी हो सकता है।बता दे कि जिलाध्यक्षों की एक सूची इतवार शाम को रिलीज की गई और शेष सूची भी आज कल में आ सकती है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब ऐसी खबरें है कि कभी भी मंत्रिमंडल विस्तार की तिथि घोषित की जाएगी. मीडिया रिपोर्ट अनुसार मंत्रियों के शपथ ग्रहण और विभाग के बंटवारे के तुरंत बाद निगम, मंडल, आयोग में नियुक्तियां होंगी.बताया जा रहा है कि निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड में नियुक्तियों की सूची तैयार कर ली गई है. इसे लेकर मुख्यमंत्री श्री साय से भाजपा संगठन के नेताओं की चर्चा भी हो गई है.संभावना है कि जनवरी के दूसरे हफ्ते में निगम मंडलों की लिस्ट जारी हो सकती है।इधर बीते दिनों केंद्रीय राज्य मंत्री और बिलासपुर से सांसद तोखन साहू ने अमर अग्रवाल का नाम मंत्रिमंडल में होने की बात कही थी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ में मंत्रीमंडल के विस्तार पर बिलासपुर में बड़ा बयान दिया था। उन्होंने संकेत दिया है कि बिलासपुर से अमर अग्रवाल को मंत्री बनाया जाएगा। तोखन साहू ने कहा कि प्रदेश में मंत्रिमंडल का शानदार परफॉर्मेंस है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट मुताबिक हाल ही में छत्तीसगढ़ दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश ने अब नियुक्तियों में विलंब नहीं करने का निर्देश दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)